Main Test Booklet No.
मुख्य परीक्षा पुस्तिका संख्या

This Booklet contains **48** printed pages.
इस पुस्तिका में **48** मुद्रित पृष्ठ हैं ।

# MAK-23-I

**PAPER I / प्रश्न-पत्र I**

**MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका**

Main Test Booklet Code
मुख्य परीक्षा पुस्तिका कोड

**C**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**

**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**

## *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue / black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue / Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page/marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **C**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carries 1 mark :

   | | | |
   |---|---|---|
   | Part I | : Child Development and Pedagogy | *(Q. Nos. 1 – 30)* |
   | Part II | : Mathematics | *(Q. Nos. 31 – 60)* |
   | Part III | : Environmental Studies | *(Q. Nos. 61 – 90)* |
   | Part IV | : Language I – (English/Hindi) | *(Q. Nos. 91 – 120)* |
   | Part V | : Language II – (English/Hindi) | *(Q. Nos. 121 – 150)* |

6. Part IV contains 30 questions for Language I and Part V contains 30 questions for Language II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language(s) you have opted for as Language I and/or Language II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement (Language) Test Booklet of C Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Language II (Part V) in a language other than the one chosen as Language I (Part IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
10. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/answers, English version will be taken as final.

## *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश*

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **कोड C** है । यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का कोड, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे कोड से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

   | | | |
   |---|---|---|
   | भाग I | : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | *(प्रश्न सं. 1 – 30)* |
   | भाग II | : गणित | *(प्रश्न सं. 31 – 60)* |
   | भाग III | : पर्यावरण अध्ययन | *(प्रश्न सं. 61 – 90)* |
   | भाग IV | : भाषा I – (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | *(प्रश्न सं. 91 – 120)* |
   | भाग V | : भाषा II – (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | *(प्रश्न सं. 121 – 150)* |

6. भाग IV में भाषा I के लिए 30 प्रश्न और भाग V में भाषा II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से सम्बन्धित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा I और/या भाषा II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं, तो कृपया C कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट (भाषा) परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए । भाषाओं का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है ।**
7. **परीक्षार्थी भाषा II (भाग V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।
10. यदि अंग्रेज़ी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेज़ी संस्करण अंतिम माना जाएगा ।

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ____________________

: in words (शब्दों में) ____________________

Centre of Examination (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ____________ Invigilator's Signature : ____________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent ____________________

# PART I / भाग I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

**1.** Which of the following is an example of a question that requires students to reflect on their own thinking ?

(1) How do you change a verb to the present tense ?

(2) How has your thinking about the use of verbs changed since the beginning of the class ?

(3) What is the relationship between nouns and verbs in a sentence ?

(4) What is the definition of a verb ?

**2.** Which of the following is an example of an internal attribution for failure ?

(1) I didn't get good marks because the teacher was biased.

(2) I failed the test because my friends were distracting me.

(3) I received a low grade because the teacher is a tough grader.

(4) I failed the test because I didn't study enough.

**3.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

At a very early age, girls in most cultures across the world choose dolls as toys while boys prefer to play with cars.

*Reason (R) :*

Children organize information about what is considered appropriate for a boy or a girl on the basis of what a particular culture expects and behave accordingly.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(2) (A) is true, but (R) is false.

(3) Both (A) and (R) are false.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक ऐसे प्रश्न का उदाहरण है जिसमें विद्यार्थियों को अपनी सोच पर विचार करने की आवश्यकता होती है ?

(1) आप क्रिया को वर्तमान काल में कैसे बदल सकते हैं ?

(2) कक्षा की शुरुआत से क्रियाओं के उपयोग के बारे में आपकी समझ कैसे बदली है ?

(3) वाक्य में संज्ञा और क्रिया के बीच क्या संबंध है ?

(4) क्रिया की परिभाषा क्या है ?

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा विफलता के लिए आंतरिक आरोपण का एक उदाहरण है ?

(1) शिक्षक के पक्षपाती होने के कारण मुझे अच्छे अंक नहीं मिले।

(2) मैं परीक्षा में फेल हो गया क्योंकि मेरे दोस्त मेरा ध्यान भटका रहे थे।

(3) मुझे निम्न ग्रेड प्राप्त हुआ क्योंकि शिक्षक कठोर तरीके से आँकते हैं।

(4) मैं परीक्षा में फेल हो गया क्योंकि मैंने पर्याप्त पढ़ाई नहीं की।

**3.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

बहुत कम उम्र में, दुनिया भर में अधिकांश संस्कृतियों में लड़कियाँ गुड़िया को खिलौने के रूप में चुनती हैं जबकि लड़के कारों के साथ खेलना पसंद करते हैं।

*कारण (R) :*

बच्चे किसी विशेष संस्कृति की अपेक्षाओं के आधार पर एक लड़के या लड़की के लिए क्या उपयुक्त माना जाता है, इसके बारे में जानकारी व्यवस्थित करते हैं और उसके अनुसार व्यवहार करते हैं।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(2) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(3) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

4. At which age can children engage in word play and like jokes and riddles that involve a play on words ?

(1) Three years

(2) Seven years

(3) Twelve years

(4) One year

5. Carol Gilligan has critiqued Kohlberg's theory of moral development :

(1) for not giving adequate importance to genetic factors.

(2) for using case study as the research method.

(3) from a social cognitive perspective.

(4) from a feminist perspective.

6. What is the main goal of 'assessment for learning' ?

(1) To provide feedback to students that can be used to improve their learning

(2) To compare student performance to a standard or benchmark

(3) To identify students who can be categorised as 'slow learners'

(4) To evaluate student performance and assign grades

7. While __________ agencies of socialisation are predominantly important in infancy, __________ agencies of socialization also become important in early childhood.

(1) secondary; primary

(2) secondary; tertiary

(3) tertiary; secondary

(4) primary; secondary

4. किस आयु में बच्चे शब्दों के खेल में शामिल हो सकते हैं और ऐसे चुटकुलों और पहेलियों को पसंद कर सकते हैं जिनमें शब्दों का खेल शामिल हो ?

(1) तीन वर्ष

(2) सात वर्ष

(3) बारह वर्ष

(4) एक वर्ष

5. कैरल गिलिगन ने कोह्लबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत की आलोचना की है :

(1) आनुवंशिक कारकों को पर्याप्त महत्त्व न देने पर।

(2) केस अध्ययन को अनुसंधान पद्धति के रूप में उपयोग करने के लिए।

(3) सामाजिक संज्ञानात्मक दृष्टिकोण से।

(4) नारीवादी दृष्टिकोण से।

6. 'अधिगम के लिए आकलन' का मुख्य लक्ष्य क्या है ?

(1) विद्यार्थियों को प्रतिपुष्टि प्रदान करना जिसका उपयोग उनके अधिगम में सुधार के लिए किया जा सकता है

(2) विद्यार्थी के प्रदर्शन की तुलना एक मानक या तय पैमाने से करना

(3) उन विद्यार्थियों की पहचान करना जिन्हें 'धीमे सीखने वालों' के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है

(4) विद्यार्थी के प्रदर्शन का मूल्यांकन करना और ग्रेड देना

7. शैशवावस्था में समाजीकरण की __________ संस्थाएँ प्रमुख रूप से महत्त्वपूर्ण हैं, जबकि प्रारंभिक बाल्यावस्था में समाजीकरण की __________ संस्थाएँ भी महत्त्वपूर्ण हो जाती हैं।

(1) माध्यमिक; प्राथमिक

(2) माध्यमिक; तृतीयक

(3) तृतीयक; माध्यमिक

(4) प्राथमिक; माध्यमिक

**8.** Dysgraphia is a :

(1) Neurological disorder characterized by trouble in forming letters and shapes.

(2) Psychological disorder characterized by lack of attention and impulsive behaviour.

(3) Speech disorder characterized by stuttering and errors in articulation.

(4) Locomotor disorder characterized by gross motor impairment.

**9.** The approach to educating gifted children which moves them through curriculum at an unusually rapid pace is known as :

(1) Acceleration

(2) Immersion

(3) Differentiated instruction

(4) Enrichment

**10.** Teachers who are working towards inclusive classrooms :

(i) Create curriculum adaptations

(ii) Incorporate diverse perspectives

(iii) Examine their own implicit bias

(iv) See diversity as an obstacle

Which of the above are correct ?

(1) (i), (iii), (iv)

(2) (ii), (iii), (iv)

(3) (i), (ii), (iii), (iv)

(4) (i), (ii), (iii)

**11.** According to Howard Gardner, a philosopher has __________ type of intelligence and a sculptor has more __________ type of intelligence.

(1) intrapersonal; spatial

(2) interpersonal; linguistic

(3) linguistic; interpersonal

(4) spatial; intrapersonal

**8.** डिस्ग्राफिया :

(1) एक तंत्रिकीय विकार है जिसकी विशेषता अक्षरों और आकारों को बनाने में कठिनाई है।

(2) एक मनोवैज्ञानिक विकार है जिसकी विशेषता ध्यान का अभाव और आवेगशील व्यवहार है।

(3) एक भाषण विकार है जिसकी विशेषता हकलाना और उच्चारण में त्रुटियाँ करना है।

(4) एक गतियुक्त विकार है जिसकी विशेषता स्थूल पेशीय बाधिता है।

**9.** प्रतिभावान बच्चों को शिक्षित करने का उपागम जो उन्हें असामान्य रूप से तीव्र गति से पाठ्यचर्या के माध्यम से आगे बढ़ाता है, क्या कहलाता है ?

(1) त्वरण (गतिवर्द्धन)

(2) विसर्जन

(3) विभेदित निर्देशन

(4) संवर्धन

**10.** शिक्षक जो समावेशी कक्षाओं की दिशा में काम कर रहे हैं, उन्हें चाहिए कि वे :

(i) पाठ्यचर्या में अनुकूलन करें

(ii) विविध दृष्टिकोणों को शामिल करें

(iii) अपने स्वयं के अंतर्निहित पूर्वाग्रहों की जाँच करें

(iv) विविधता को एक बाधा के रूप में देखें

उपर्युक्त में से कौन-से सही हैं ?

(1) (i), (iii), (iv)

(2) (ii), (iii), (iv)

(3) (i), (ii), (iii), (iv)

(4) (i), (ii), (iii)

**11.** हावर्ड गार्डनर के अनुसार, एक दर्शनशास्त्री के पास __________ प्रकार की बुद्धि और मूर्तिकार के पास __________ प्रकार की बुद्धि की मात्रा अधिक होती है।

(1) अंत:व्यक्ति; दिक्स्थान

(2) अंतर्वैयक्तिक; भाषिक

(3) भाषिक; अंतर्वैयक्तिक

(4) दिक्स्थान; अंत:व्यक्ति

**12.** The primary goal of learning should be :

(1) competing with peers.

(2) development of critical thinking.

(3) memorization of facts.

(4) becoming excellent at rote rehearsal.

**13.** Variability in learning styles of students :

(1) should not be taken into consideration during teaching-learning process.

(2) should be seen as a barrier and hindrance to teaching-learning process.

(3) should be valued and seen as a reflection of human diversity.

(4) should be ignored and attempts should be made to bring uniformity in learning styles.

**14.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

To facilitate critical thinking among learners, teachers should expose them to diverse situations and differing perspectives.

*Reason (R) :*

Students learn and enrich their abilities to think critically and creatively as they engage in conversations across differences.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(2) (A) is true, but (R) is false.

(3) Both (A) and (R) are false.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**15.** Children learn more effectively if a concept proceeds from :

(1) Complex to Simple.

(2) Rational to Empirical.

(3) Generic to Specific.

(4) Abstract to Concrete.

**12.** निम्नलिखित में से अधिगम का प्राथमिक लक्ष्य कौन-सा होना चाहिए ?

(1) समकक्षियों के साथ प्रतिस्पर्धा

(2) समालोचनात्मक चिंतन का विकास

(3) तथ्यों को रटना

(4) यंत्रवत् याद करने के पूर्वाभ्यास में उत्कृष्ट बनना

**13.** विद्यार्थियों की सीखने की शैलियों में विविधता :

(1) को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के दौरान ध्यान में नहीं रखा जाना चाहिए।

(2) को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में बाधा और अवरोध के रूप में देखा जाना चाहिए।

(3) को महत्त्व दिया जाना चाहिए और मानव विविधता के प्रतिबिंब के रूप में देखा जाना चाहिए।

(4) की उपेक्षा की जानी चाहिए और सीखने की शैलियों में एकरूपता लाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**14.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

शिक्षार्थियों के बीच समालोचनात्मक चिंतन को सुगम बनाने के लिए, शिक्षकों को उन्हें विविध परिस्थितियों और विभिन्न दृष्टिकोणों से अवगत कराना चाहिए।

*कारण (R) :*

जब विद्यार्थी विविध मदभेदों के बीच बातचीत में संलग्न होते हैं तो वे समालोचनात्मक और रचनात्मक रूप से सोचने की अपनी क्षमताओं को सीखते और समृद्ध करते हैं।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(2) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(3) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

**15.** बच्चे सबसे प्रभावी ढंग से तब सीखते हैं यदि कोई अवधारणा :

(1) जटिल से सरल की ओर बढ़ती है।

(2) तर्कसंगत से अनुभवजन्य की ओर बढ़ती है।

(3) सामान्य से विशिष्ट की ओर बढ़ती है।

(4) अमूर्त से मूर्त की ओर बढ़ती है।

16. As per Lev Vygotsky, __________ plays a significant role in the development of conceptual abilities among children.

(1) Social isolation

(2) Standardized curriculum

(3) Tangible rewards

(4) Peer collaboration

17. According to Lev Vygotsky's theory, inner speech :

(1) is a sign of developmental delay.

(2) is a way for children to regulate their own thinking.

(3) is a way for children to communicate with an imaginary friend.

(4) is a sign of cognitive immaturity.

18. Four-year-old Aparna says that a button is alive because it helps tie her shirt together. According to Jean Piaget, her thinking is characterized by :

(1) Centration

(2) Hypothetical-deductive thinking

(3) Transductive reasoning

(4) Animistic thinking

19. Which of the following is a typical characterstic of students having autism ?

(1) Frequent repetitive and recurring behaviour

(2) Higher level of communication skills

(3) Superior ability of differentiating fiction from fact

(4) Advanced socio-emotional reciprocity

16. लेव वायगोत्स्की के अनुसार, __________ बच्चों के संकल्पनात्मक योग्यताओं के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

(1) सामाजिक अलगाव

(2) मानकीकृत पाठ्यक्रम

(3) मूर्त पुरस्कार

(4) सहकर्मी सहयोग

17. लेव वायगोत्स्की के सिद्धांत के अनुसार, आंतरिक वाक् :

(1) विकासात्मक देरी का संकेत है।

(2) बच्चों के लिए अपनी सोच को नियंत्रित करने का एक तरीका है।

(3) बच्चों के लिए एक काल्पनिक दोस्त के साथ संप्रेषण करने का एक तरीका है।

(4) संज्ञानात्मक अपरिपक्वता का प्रतीक है।

18. चार वर्ष की अपर्णा कहती है कि एक बटन ज़िंदा है क्योंकि यह उसकी शर्ट को एक साथ बाँधने में मदद करता है। जीन पियाज़े के अनुसार, उसकी सोच की विशेषता है :

(1) केंद्रीयन

(2) परिकल्पित-निगमनात्मक चिंतन

(3) पारगमनात्मक तर्क

(4) जीववादी चिंतन

19. निम्नलिखित में से स्वलीनता वाले विद्यार्थियों की विशिष्ट विशेषता कौन-सी है ?

(1) बार-बार दोहराव और आवर्ती व्यवहार

(2) संवाद कौशलों का उच्च स्तर

(3) कल्पना को तथ्य से अलग करने की श्रेष्ठ क्षमता

(4) उन्नत सामाजिक-भावनात्मक पारस्परिकता

**20.** Which of the following is an effective method to enhance problem-solving skills in children ?

(1) Providing them with ready-made solutions to problems

(2) Giving them opportunities to brainstorm and make intuitive guesses

(3) Discouraging independent thinking and focusing on declarative knowledge

(4) Encouraging them to avoid difficult problems

**21.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

Teachers should create a meaningful environment which seeks active participation and engagement of all children.

*Reason (R) :*

All children are intrinsically motivated to learn and are capable of learning.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(2) (A) is true, but (R) is false.

(3) Both (A) and (R) are false.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**22.** Experiential learning stresses on :

(1) importance of critical reflection.

(2) learning as a product rather than a process.

(3) control of teacher on the learning of children.

(4) the role of reinforcement in learning.

**23.** Which of the following process does ***not*** contribute to the course of learning ?

(1) Conceptualization

(2) Decontextualization

(3) Organization

(4) Categorization

**20.** बच्चों में समस्या-समाधान कौशल को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभावी तरीका है ?

(1) उन्हें समस्याओं का तैयार समाधान उपलब्ध कराना

(2) उन्हें बुद्धि मंथन करने और सहज अनुमान लगाने के अवसर देना

(3) स्वतंत्र चिंतन को हतोत्साहित करना और घोषणात्मक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करना

(4) कठिन समस्याओं से बचने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना

**21.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

शिक्षकों को सार्थक वातावरण बनाना चाहिए जिसमें सभी बच्चों की सक्रिय भागीदारी और संलग्नता हो।

*कारण (R) :*

सभी बच्चे आंतरिक रूप से सीखने के लिए प्रेरित होते हैं और सीखने में सक्षम होते हैं।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(2) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(3) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

**22.** अनुभवात्मक अधिगम किस पर बल देता है ?

(1) आलोचनात्मक प्रतिबिंबन के महत्त्व पर

(2) एक प्रक्रिया के बजाय अधिगम को एक उत्पाद के रूप में देखने पर

(3) बच्चों के अधिगम पर शिक्षक के नियंत्रण पर

(4) सीखने में पुनर्बलन की भूमिका पर

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया अधिगम के दौरान योगदान ***नहीं*** देती है ?

(1) वैचारिकता

(2) ग़ैर-प्रासंगीकरण

(3) संगठन

(4) वर्गीकरण

**24.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

Interaction with more knowledgeable others, such as teachers and peers, can provide the necessary support and guidance to help learners develop their understanding and skills.

*Reason (R) :*

Social interaction is a key component of learning and development.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(2) (A) is true, but (R) is false.

(3) Both (A) and (R) are false.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**24.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

शिक्षकों और साथियों जैसे अधिक जानकार अन्य लोगों के साथ बातचीत, शिक्षार्थियों को उनकी समझ और कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए आवश्यक समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान कर सकती है।

*कारण (R) :*

सामाजिक संपर्क सीखने और विकास का एक प्रमुख घटक है।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(2) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(3) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

**25.** According to Lev Vygotsky :

(1) Language development and cognitive development advance independent from each other.

(2) Language development facilitates cognitive development.

(3) Social factors influence language development, but not cognitive development.

(4) Cognitive development facilitates language development.

**25.** लेव वायगोत्स्की के अनुसार :

(1) भाषा विकास और संज्ञानात्मक विकास एक-दूसरे से स्वतंत्र रूप से विकसित होते हैं।

(2) भाषा विकास, संज्ञानात्मक विकास को सुगम बनाता है।

(3) सामाजिक कारक भाषा विकास को प्रभावित करते हैं, परंतु संज्ञानात्मक विकास को नहीं।

(4) संज्ञानात्मक विकास, भाषा विकास को सुगम बनाता है।

**26.** At which level of Lawrence Kohlberg's moral reasoning, do children typically believe that people should live up to the expectations of the society and behave in "good" ways ?

(1) Conventional level

(2) Pre-operational level

(3) Post-operational level

(4) Pre-conventional level

**26.** लॉरेंस कोह्लबर्ग के नैतिक तर्क के किस स्तर पर, बच्चे आमतौर पर मानते हैं कि लोगों को समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरना चाहिए और "अच्छे" तरीकों से व्यवहार करना चाहिए ?

(1) पारंपरिक स्तर

(2) पूर्व-संक्रियात्मक स्तर

(3) उत्तर-संक्रियात्मक स्तर

(4) पूर्व-पारंपरिक स्तर

**27.** One of the main characteristics of pre-operational thought according to Jean Piaget is __________ which refers to the tendency to focus on one aspect of a situation and neglect others.

(1) Decentration

(2) Transduction

(3) Causation

(4) Centration

**28.** Physical growth and development follow the ____________ and _____________ principles of development.

(1) proximodistal (top-down); cephalocaudal (inner to outer)

(2) differentiation (simple to complex); integration (complex to simple)

(3) integration (simple to complex); differentiation (complex to simple)

(4) cephalocaudal (top-down); proximodistal (inner to outer)

**29.** In early childhood, growth _____ and thinking is ________, while in middle childhood, growth ________ and thinking is _________.

(1) is steady, logical; slows, egocentric

(2) slows, logical; is steady, egocentric

(3) slows, somewhat egocentric; is steady, logical

(4) is steady, somewhat egocentric; slows, logical

**30.** Which of the following is a gross motor skill ?

(1) Cutting along the outline of a circle on a paper

(2) Cutting along the outline of a big rectangle on a paper

(3) Knitting

(4) Swimming

**27.** जीन पियाज़े के अनुसार पूर्व-संक्रियात्मक चिंतन की मुख्य विशेषताओं में से एक _____________ है जो किसी स्थिति के एक पहलू पर ध्यान केंद्रित करने और दूसरों की उपेक्षा करने की प्रवृत्ति को संदर्भित करता है।

(1) विकेंद्रीयन

(2) पारगमन

(3) कारण-परिणाम का विश्लेषण (कारण कार्य संबंध)

(4) केंद्रीयन

**28.** भौतिक वृद्धि और विकास, विकास के ___________ और ___________ सिद्धांतों का पालन करते हैं।

(1) समीपस्थ (अवरोही); शीर्षगामी (आंतरिक से बाहरी)

(2) विभेदीकरण (सरल से जटिल); एकीकरण (जटिल से सरल)

(3) एकीकरण (सरल से जटिल); विभेदीकरण (जटिल से सरल)

(4) शीर्षगामी (अवरोही); समीपस्थ (आंतरिक से बाहरी)

**29.** प्रारंभिक बाल्यावस्था में वृद्धि __________ और सोच ____________ है, जबकि मध्य बाल्यावस्था में वृद्धि ____________ और सोच ____________ है।

(1) स्थिर है, तार्किक; धीमी, आत्मकेंद्रित

(2) धीमी, तार्किक; स्थिर है, आत्मकेंद्रित

(3) धीमी, कुछ हद तक आत्मकेंद्रित; स्थिर है, तार्किक

(4) स्थिर है, कुछ हद तक आत्मकेंद्रित; धीमी, तार्किक

**30.** निम्नलिखित में से कौन-सा स्थूल गतिक कौशल है ?

(1) एक कागज़ पर वृत्त को रूपरेखा के अनुसार काटना

(2) एक कागज़ पर एक बड़े आयत को रूपरेखा के अनुसार काटना

(3) बुनाई

(4) तैरना

# PART II / भाग II
# MATHEMATICS / गणित

***Directions :** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** option.*

**31.** Which of the following is the most appropriate way to help a primary school learner visualize the equivalence between the fractions $\frac{2}{3}$ and $\frac{4}{6}$ ?

(1) Using Fraction Discs

(2) Using Calculators

(3) Using Division method

(4) Using LCM (Least Common Multiple) method

**32.** Subitizing plays an important role in developing the number sense. Which of the following is an example of a student demonstrating the skill of subitizing ?

(1) Student recognizes the number 4 as the number with 1 taken away from 5.

(2) Student recognizes the number 5 as the successor of 4.

(3) Student recognizes the number 6 as 1 added to 5.

(4) Student rolls a die and is able to say it is four without actually counting the dots.

**33.** According to the National Education Policy (NEP) 2020, olympiads and competitions in various subjects will be __________ across the country.

(1) discouraged

(2) reduced

(3) made easier

(4) strengthened

***निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

**31.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षार्थी को भिन्न $\frac{2}{3}$ और $\frac{4}{6}$ के बीच तुल्यता की कल्पना करने में मदद करने का सबसे उपयुक्त तरीका है ?

(1) भिन्न डिस्क का उपयोग

(2) कैल्कुलेटरों का उपयोग

(3) विभाजन (भाग) विधि का उपयोग

(4) लघुतम समापवर्त्य विधि का उपयोग

**32.** संख्या बोध विकसित करने में उपकरना (सबिटाइज़िंग) एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है । निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण है जो विद्यार्थी में उपकरना के कौशल का प्रदर्शन करता है ?

(1) विद्यार्थी संख्या 4 की पहचान 5 में से 1 निकालने के रूप में करता है।

(2) विद्यार्थी संख्या 5 की पहचान 4 के परवर्ती के रूप में करता है।

(3) विद्यार्थी संख्या 6 की पहचान 5 में 1 जोड़ने के रूप में करता है।

(4) विद्यार्थी एक पासा उछालता है और बिना बिन्दुओं (डॉट्स) को गिने यह बताने में सक्षम है कि यह चार है।

**33.** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुसार, देश-भर में विभिन्न विषयों में ओलिंपियाड और प्रतियोगिताएँ __________ होंगी।

(1) हतोत्साहित

(2) कम

(3) सरल

(4) मज़बूत

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**34.** Classroom researches have shown that most of the students find mathematics more difficult than the other subjects they study in the same class. Which of the following aspects of the nature of mathematics adds to this fear ?

(1) The scope of a number of different methods to solve a problem in mathematics

(2) The abstract nature of primary concepts in mathematics

(3) The vast knowledge base of mathematics

(4) The scope of multiple answers to a given question in mathematics

**35.** According to the National Curriculum Framework, 2005, classroom researches have indicated a fairly systematic devaluation of girls as incapable of mastering mathematics even when they perform well in mathematics. What is the most appropriate reason for this ?

(1) Gendered constructs of society have led to the belief that boys use more innovative strategies for problem-solving and thus have better conceptual understanding.

(2) The mathematical abilities in boys are innate.

(3) Poor performance of girls in mathematics is due to the fear of mathematics prevalent in them.

(4) Mathematics, by its nature, is a male-dominated subject.

**36.** A teacher uses role play method in mathematics class. Her aim is :

(1) entertaining children.

(2) maintaining discipline.

(3) keeping children busy.

(4) projecting ideas.

**34.** कक्षायी शोध यह दर्शाते हैं कि अधिकांश विद्यार्थी गणित को उसी कक्षा में जो अन्य विषय वे पढ़ते हैं, उनसे अधिक कठिन समझते हैं। गणित की प्रकृति का निम्नलिखित में से कौन-सा पहलू इस भय को बढ़ाता है ?

(1) गणित में किसी समस्या का समाधान करने के लिए कई अलग-अलग प्रणालियों की व्यापकता

(2) गणित में प्राथमिक अवधारणाओं की अमूर्त प्रकृति

(3) गणित का विस्तृत ज्ञान-भंडार

(4) गणित में दिए गए प्रश्न के अनेक उत्तर होने की व्यापकता

**35.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, कक्षाओं के ऊपर किए गए शोध बताते हैं कि लड़कियों को गणित में 'विशेषज्ञता' के योग्य न मानकर उनका काफी व्यवस्थित अवमूल्यन होता है जबकि वे गणित में अच्छा प्रदर्शन करती हैं।

इसका सबसे उपयुक्त कारण क्या है ?

(1) समाज की लिंग संबंधी धारणाएँ इस मान्यता की ओर ले जाती हैं कि लड़के समस्या-समाधान की ज़्यादा नवीन कार्यविधियाँ उपयोग करते हैं और इसलिए उन्हें बेहतर अवधारणात्मक समझ होती है।

(2) लड़कों में गणितीय क्षमताएँ जन्मजात हैं।

(3) गणित में लड़कियों का खराब प्रदर्शन उनके गणित के प्रति प्रचलित भय के कारण होता है।

(4) गणित, अपनी प्रकृति द्वारा ही, पुरुष-प्रधान विषय है।

**36.** एक शिक्षिका गणित कक्षा में रोल प्ले (भूमिका निर्वाह) विधि का उपयोग करती है। उसका उद्देश्य है :

(1) बच्चों का मनोरंजन।

(2) अनुशासन बनाए रखना।

(3) बच्चों को व्यस्त रखना।

(4) विचारों का बहिर्वेशन।

**37.** Who among the following has worked in the field of mathematical astronomy ?

(1) Ramanujan
(2) Mahavira
(3) Aryabhatta
(4) Bhaskara I

**38.** A vegetable seller was selling spinach for ₹ 60 per kg. Sonu purchased 350 g of spinach for which the vegetable seller took ₹ 21 (₹ 6 + ₹ 6 + ₹ 6 + ₹ 3) from Sonu. Which of the following statements is/are true regarding the mathematical skills used by the vegetable seller ?

A. This mathematical skill is ambiguous.
B. This skill is not useful to solve mathematical problems in class.
C. Such skills help in developing alternate strategies for solving mathematical problems.

Choose the correct option :

(1) Only B
(2) Only C
(3) A and B
(4) Only A

**39.** Which of the following depicts a situation where children are constructing knowledge on their own ?

(1) Children are given manipulatives like number grids, tokens arranged in rectangular arrays and they are exploring multiplication patterns using them.
(2) Teacher has written incomplete multiplication tables on blackboard and children are completing the tables by writing them on blackboard.
(3) The best student in the class reads aloud the multiplication tables and rest of the students repeat after him/her.
(4) Children are reciting multiplication tables in a chorus.

**37.** निम्नलिखित में से किसने गणितीय खगोल-विज्ञान के क्षेत्र में काम किया है ?

(1) रामानुजन
(2) महावीर
(3) आर्यभट्ट
(4) भास्कर I

**38.** एक सब्ज़ी बेचने वाला पालक ₹ 60 प्रति किग्रा बेच रहा था। सोनू ने 350 ग्राम पालक लिया जिसके लिए सब्ज़ी बेचने वाले ने सोनू से ₹ 21 (₹ 6 + ₹ 6 + ₹ 6 + ₹ 3) लिए। सब्ज़ी बेचने वाले द्वारा प्रयोग में लाए गए इस गणितीय कौशल के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं ?

A. यह गणितीय कौशल अस्पष्ट है।
B. यह कौशल कक्षा में गणितीय प्रश्नों को हल करने के लिए लाभदायक नहीं है।
C. ऐसे कौशल गणितीय प्रश्नों को हल करने के वैकल्पिक तरीकों को विकसित करने में सहायक होते हैं।

सही विकल्प चुनिए :

(1) केवल B
(2) केवल C
(3) A और B
(4) केवल A

**39.** निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थिति यह दर्शाती है कि बच्चे ज्ञान का निर्माण स्वयं कर रहे हैं ?

(1) बच्चों को हस्तकौशल सामग्री जैसे संख्याओं के ग्रिड, आयताकार सारणियों में व्यवस्थित गीटियाँ दी गई हैं और वे इनका प्रयोग कर गुणन के पैटर्न खोज रहे हैं।
(2) शिक्षिका ने श्यामपट्ट पर अधूरे पहाड़े लिखे हैं और बच्चे उन पहाड़ों को श्यामपट्ट पर लिखकर पूरा कर रहे हैं।
(3) कक्षा का सर्वोत्तम छात्र/छात्रा पहाड़ों को ऊँचे स्वर में पढ़ रहा/रही है और बाकी के विद्यार्थी उसके पीछे-पीछे दोहरा रहे हैं।
(4) बच्चे एक साथ पहाड़ों का कविता-पाठ कर रहे हैं।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**40.** Which of the following statements is ***not*** correct about assessment ?

(1) Criterion-referenced assessment is useful in diagnostic testing and remedial teaching.

(2) Norm-referenced assessment tells us where a student stands as compared to other students in his/her performance.

(3) Norm-referenced assessment is useful in diagnostic testing and remedial teaching.

(4) Criterion-referenced assessment is to evaluate the mastery learning of the students.

**41.** Concepts like more-less, long-short, far-near, big-small, etc. are :

(1) Simply English language adjectives.

(2) Important pre-number concepts.

(3) Vague terms for comparison.

(4) Antonyms, not necessary for learning mathematics.

**42.** Mathematical learning material :

A. helps teachers in demonstrating the formulae.

B. helps students in self-learning.

C. helps teachers in providing instructions.

D. develops learning environment in the class.

Choose the correct option :

(1) B and D

(2) B and C

(3) C and D

(4) A and B

**43.** Which of the following statements is ***not*** correct ?

(1) Errors in mathematics help teachers in planning their lessons.

(2) Errors of the students should be overlooked as pointing errors will demotivate them.

(3) Errors of the students give information about their thought process.

(4) Errors in mathematics are part of learning.

**40.** आकलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(1) मानदंड-संदर्भित आकलन नैदानिक परीक्षण और उपचारात्मक शिक्षण में उपयोगी है।

(2) मानक-संदर्भित आकलन हमें बताता है कि एक विद्यार्थी अपने प्रदर्शन में अन्य विद्यार्थियों की तुलना में कहाँ खड़ा/खड़ी है।

(3) मानक-संदर्भित आकलन नैदानिक परीक्षण और उपचारात्मक शिक्षण में उपयोगी है।

(4) मानदंड-संदर्भित आकलन विद्यार्थियों की अधिगम में निपुणता का मूल्यांकन करना है।

**41.** अधिक-कम, लम्बा-छोटा, दूर-समीप, बड़ा-छोटा, आदि अवधारणाएँ :

(1) सीधे शब्दों में अंग्रेज़ी भाषा विशेषण हैं।

(2) महत्त्वपूर्ण पूर्व-संख्या (प्री-नम्बर) अवधारणाएँ हैं।

(3) तुलना के लिए अस्पष्ट शब्द हैं।

(4) विलोम शब्द हैं, जो गणित सीखने के लिए आवश्यक नहीं हैं।

**42.** गणितीय अधिगम सामग्री :

A. सूत्र के प्रदर्शन में शिक्षकों की मदद करती है।

B. स्वतः अधिगम में विद्यार्थियों की मदद करती है।

C. निर्देश देने में शिक्षकों की मदद करती है।

D. कक्षा में अधिगम वातावरण का निर्माण करने में मदद करती है।

सही विकल्प चुनिए :

(1) B और D

(2) B और C

(3) C और D

(4) A और B

**43.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(1) गणित में त्रुटियाँ शिक्षकों को उनके पाठ की योजना बनाने में मदद करती हैं।

(2) विद्यार्थियों की त्रुटियों को अनदेखा कर देना चाहिए क्योंकि त्रुटियों की ओर इशारा उनको प्रेरणाहीन करेगा।

(3) विद्यार्थियों की त्रुटियाँ उनके सोचने की प्रक्रिया (चिंतन) के बारे में जानकारी देती हैं।

(4) गणित में त्रुटियाँ अधिगम का हिस्सा होती हैं।

44. To develop appreciation for mathematics among children, a teacher performs the following activities in the class. Choose the one which is ***not*** effective to achieve her objective.

(1) She gives mathematical puzzles and magic squares to be solved in the class.

(2) She establishes a mathematics corner in her class where students can perform various mathematical activities.

(3) She always praises the student who achieves highest marks in the class in the term-end examination.

(4) She shows to children the videos on Indian mathematicians and their contributions.

45. Which of the following statements about nature of mathematics are most appropriate ?

A. It helps the child to be creative.

B. It helps in nurturing the child's imagination.

C. It is based on deductive reasoning.

D. It is always convergent.

Choose the correct option :

(1) A and C

(2) A and B

(3) A, B and C

(4) B and C

44. बच्चों में गणितीय अभिरुचि को विकसित करने के लिए, एक अध्यापिका निम्नलिखित गतिविधियाँ अपनी कक्षा में करवाती है। इनमें से वह चुनिए जो उसके उद्देश्य को पूरा करने में प्रभावी ***नहीं*** है।

(1) वह कक्षा में गणितीय पहेलियाँ और जादुई वर्ग हल करने के लिए देती है।

(2) उन्होंने अपनी कक्षा में एक गणितीय कोना बनाया है जहाँ पर विद्यार्थी विभिन्न गणितीय गतिविधियाँ कर सकते हैं।

(3) वह हमेशा उस विद्यार्थी की प्रशंसा करती है जो कक्षा में सत्रान्त परीक्षा में सबसे अधिक अंक प्राप्त करता/करती है।

(4) वह बच्चों को भारतीय गणितज्ञों और उनके योगदानों के वीडियो दिखाती है।

45. निम्नलिखित में से कौन-से कथन गणित की प्रकृति के बारे में सबसे उपयुक्त हैं ?

A. यह बच्चे को सृजनात्मक बनने में सहायता करता है।

B. यह बच्चे की कल्पना को पोषित करने में सहायता करता है।

C. यह निगमनात्मक विवेचन (तर्क) पर आधारित है।

D. यह हमेशा अभिसारी होता है।

सही विकल्प चुनिए :

(1) A और C

(2) A और B

(3) A, B और C

(4) B और C

**46.** Which of the following arrangements represents a descending order of numbers ?

(1) 10·5, 1·05, 1·055, 1·50, 1·005, 0·155
(2) 10·5, 1·50, 1·05, 1·055, 1·005, 0·155
(3) 10·5, 1·50, 1·055, 1·05, 1·005, 0·155
(4) 1·05, 1·005, 1·50, 1·055, 10·5, 0·155

**47.** The sum of 5 – 5 + 5 – 5 + 5 – 5 ……, to odd number of terms is :

(1) – 5
(2) 5
(3) 15
(4) 0

**48.** 'One hundred lakh' is also known as :

(1) One crore
(2) One million
(3) One billion
(4) Ten crore

**49.** A whole number is added to 100 and the same number is subtracted from 100. The sum of the two resulting numbers so obtained is :

(1) 50
(2) 100
(3) 200
(4) 0

**50.** Which of the following is ***not*** a factor of 3630 ?

(1) 5
(2) 9
(3) 11
(4) 3

**46.** निम्नलिखित में से कौन-सी व्यवस्था संख्याओं को अवरोही क्रम में निरूपित करती है ?

(1) 10·5, 1·05, 1·055, 1·50, 1·005, 0·155
(2) 10·5, 1·50, 1·05, 1·055, 1·005, 0·155
(3) 10·5, 1·50, 1·055, 1·05, 1·005, 0·155
(4) 1·05, 1·005, 1·50, 1·055, 10·5, 0·155

**47.** 5 – 5 + 5 – 5 + 5 – 5 ......, के विषम संख्या पदों का योगफल है :

(1) – 5
(2) 5
(3) 15
(4) 0

**48.** 'एक सौ लाख' को निम्नलिखित रूप में भी जाना जाता है :

(1) एक करोड़
(2) एक मिलियन
(3) एक बिलियन
(4) दस करोड़

**49.** 100 में एक पूर्ण संख्या जोड़ी जाती है और फिर वही संख्या 100 में से घटा दी जाती है । इस प्रकार प्राप्त हुई दोनों संख्याओं का योगफल है :

(1) 50
(2) 100
(3) 200
(4) 0

**50.** निम्नलिखित में से कौन-सा 3630 का एक गुणनखण्ड ***नहीं*** है ?

(1) 5
(2) 9
(3) 11
(4) 3

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**51.** Sangeeta wants to buy a soap that costs ₹ 10. She has a five-rupee coin, 2 one-rupee coins and 5 fifty-paise coins. How much more money does she need to buy the soap ?

(1) ₹ 1·50
(2) ₹ 2·00
(3) ₹ 2·50
(4) ₹ 0·50

**52.** Rubina started her journey by car at 16:50 hours and finished at 21:15 hours on the same day. The time taken in completing the journey is :

(1) 4 hours 25 minutes
(2) 3 hours 35 minutes
(3) 4 hours 35 minutes
(4) 3 hours 25 minutes

**53.** Select the group of fractions in an ascending order :

(1) $\frac{1}{2} < \frac{1}{3} < \frac{1}{4}$
(2) $\frac{1}{3} < \frac{1}{4} < \frac{1}{2}$
(3) $\frac{1}{4} < \frac{1}{3} < \frac{1}{2}$
(4) $\frac{1}{2} < \frac{1}{4} < \frac{1}{3}$

**54.** Priyadarshini mixed 4·8 kg of almonds, 2500 g of raisin and 3·5 kg of cashews and packed the mixture equally into three dozen packets. What is the weight of each packet ?

(1) 300 g
(2) 500 g
(3) 650 g
(4) 250 g

**55.** The side of a square is 5 cm. How many times will the new area become, if the side of the square is doubled ?

(1) 3 times
(2) 4 times
(3) 8 times
(4) 2 times

**51.** संगीता एक साबुन खरीदना चाहती है, जिसका मूल्य ₹ 10 है । उसके पास एक पाँच रुपए का सिक्का, 2 एक रुपए के सिक्के और 5 पचास पैसे के सिक्के हैं । उसे साबुन खरीदने के लिए और कितनी धनराशि की ज़रूरत है ?

(1) ₹ 1·50
(2) ₹ 2·00
(3) ₹ 2·50
(4) ₹ 0·50

**52.** रूबीना ने कार से 16:50 बजे अपनी यात्रा शुरू की और उसी दिन 21:15 बजे समाप्त की । यात्रा पूरा करने में लिया गया समय है :

(1) 4 घंटे 25 मिनट
(2) 3 घंटे 35 मिनट
(3) 4 घंटे 35 मिनट
(4) 3 घंटे 25 मिनट

**53.** बढ़ते हुए क्रम में भिन्नों के समूह का चयन कीजिए :

(1) $\frac{1}{2} < \frac{1}{3} < \frac{1}{4}$
(2) $\frac{1}{3} < \frac{1}{4} < \frac{1}{2}$
(3) $\frac{1}{4} < \frac{1}{3} < \frac{1}{2}$
(4) $\frac{1}{2} < \frac{1}{4} < \frac{1}{3}$

**54.** प्रियदर्शिनी ने 4·8 kg बादाम, 2500 g किशमिश और 3·5 kg काजू को मिला दिया तथा इस मिश्रण के बराबर-बराबर तीन दर्जन पैकेट बना दिए । प्रत्येक पैकेट का भार क्या है ?

(1) 300 g
(2) 500 g
(3) 650 g
(4) 250 g

**55.** एक वर्ग की भुजा 5 cm है । यदि इस वर्ग की भुजा दुगुनी कर दी जाए, तो नया क्षेत्रफल कितने गुना हो जाएगा ?

(1) 3 गुना
(2) 4 गुना
(3) 8 गुना
(4) 2 गुना

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**56.** Which of the following statements is ***not*** true ?
(1) A rhombus becomes a square if all its angles are equal.
(2) A parallelogram becomes a rectangle if all its angles are equal.
(3) A kite becomes a rectangle if its opposite angles are equal.
(4) A rectangle becomes a square if all its sides are equal.

**57.** What is the missing number in the pattern given below ?
1, 6, 15, ____, 45, 66, 91
(1) 32
(2) 25
(3) 36
(4) 28

**58.** Read the following table :

| *Blood Group* | *Number of Students* |
|---|---|
| A | 9 |
| B | 6 |
| O | 12 |
| AB | 3 |
| Total | 30 |

What is the ratio of the most common and rarest blood groups ?
(1) 4 : 1
(2) 3 : 1
(3) 1 : 4
(4) 1 : 3

**59.** Ammini is arranging 36 identical squares in the form of different rectangles. How many different types of rectangles can she make with these squares ?
(1) Five
(2) Six
(3) Eight
(4) Four

**60.** Which one of the following groups have all 3-dimensional shapes ?
(1) Cube, Cuboid, Circle, Triangle
(2) Cube, Cuboid, Sphere, Cylinder
(3) Cube, Cuboid, Semi-circle, Cone
(4) Cube, Cuboid, Circle, Cone

**56.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?
(1) यदि एक समचतुर्भुज के सभी कोण बराबर हों, तो वह एक वर्ग बन जाता है ।
(2) यदि एक समांतर चतुर्भुज के सभी कोण बराबर हों, तो वह एक आयत बन जाता है ।
(3) यदि एक पतंग के सम्मुख कोण बराबर हों, तो वह एक आयत बन जाती है ।
(4) यदि एक आयत की सभी भुजाएँ बराबर हों, तो वह एक वर्ग बन जाता है ।

**57.** नीचे दिए गए पैटर्न में लुप्त संख्या क्या है ?
1, 6, 15, ____, 45, 66, 91
(1) 32
(2) 25
(3) 36
(4) 28

**58.** निम्नलिखित तालिका को पढ़िए :

| *रक्त समूह* | *विद्यार्थियों की संख्या* |
|---|---|
| A | 9 |
| B | 6 |
| O | 12 |
| AB | 3 |
| कुल | 30 |

सबसे अधिक और सबसे कम पाए जाने वाले रक्त समूहों का अनुपात क्या है ?
(1) 4 : 1
(2) 3 : 1
(3) 1 : 4
(4) 1 : 3

**59.** अम्मिनी 36 सर्वसम वर्गों को अलग-अलग प्रकार के आयतों में व्यवस्थित कर रही है । वह इन वर्गों द्वारा अलग-अलग प्रकार के कितने आयत बना सकती है ?
(1) पाँच
(2) छ:
(3) आठ
(4) चार

**60.** निम्नलिखित समूहों में से किसमें सभी त्रि-आयामी आकृतियाँ हैं ?
(1) घन, घनाभ, वृत्त, त्रिभुज
(2) घन, घनाभ, गोला, बेलन
(3) घन, घनाभ, अर्ध-वृत्त, शंकु
(4) घन, घनाभ, वृत्त, शंकु

## PART III / भाग III

## ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

**61.** You want to encourage hands-on activities for students of EVS. Which of the following is the most appropriate activity ?

(1) Developing an EVS kit from available material

(2) Drawing parts of different plants on a chart

(3) Map reading from a globe

(4) Collecting coins of different countries

**62.** Formative assessment of EVS is _______.

A. Assessment for learning

B. Assessment of learning

C. Assessment as learning

D. Assessment about learning

Choose the correct option :

(1) A and C

(2) B and C

(3) C and D

(4) A and B

**63.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

Field trips are an effective pedagogical strategy in EVS.

*Reason (R) :*

Field trips promote memorisation of objects, events and places.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(2) (A) is true, but (R) is false.

(3) (A) is false, but (R) is true.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**61.** आप ईवीएस के विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया सबसे उपयुक्त है ?

(1) उपलब्ध सामग्री से ईवीएस किट विकसित करना

(2) एक चार्ट पर विभिन्न पौधों के भागों का चित्र बनाना

(3) ग्लोब से नक्शा पढ़ना

(4) विभिन्न देशों के सिक्के एकत्रित करना

**62.** ईवीएस के लिए रचनात्मक आकलन _________ है।

A. सीखने के लिए आकलन

B. सीखने का आकलन

C. अधिगम के रूप में आकलन

D. सीखने के बारे में आकलन

सही विकल्प चुनिए :

(1) A और C

(2) B और C

(3) C और D

(4) A और B

**63.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

ईवीएस में क्षेत्र भ्रमण प्रभावी शिक्षणशास्त्रीय रणनीति हैं।

*कारण (R) :*

क्षेत्र भ्रमण वस्तुओं, घटनाओं और स्थानों की याददाश्त को बढ़ावा देती हैं।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(2) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

**64.** You have to select EVS textbooks for your students of classes III to V. Which of the following criteria is most appropriate for this purpose ?

(1) The textbook should be illustrated and appealing to students.

(2) The textbook should be child-oriented and devoid of any stereotypes or derogatory attitudes based on gender, caste, class and religion.

(3) Pictures in the book should be big and colourful.

(4) The language should be simple and according to the mental level of students.

**65.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

At the primary level EVS has themes instead of topics.

*Reason (R) :*

Theme-based EVS learning is easy for teachers and students as compared to topics.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(2) (A) is true, but (R) is false.

(3) (A) is false, but (R) is true.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**66.** Which of the following is ***not*** a learning outcome in EVS for students of Class III ?

(1) Observes rules in few local, indoor, outdoor games

(2) Identifies directions of classroom

(3) Voices opinion on good and bad touch

(4) Voices opinion on issues observed/experienced and relates to social practices such as discrimination in ownership of resources

**64.** आपको कक्षा III से V तक के अपने विद्यार्थियों के लिए ईवीएस पाठ्य-पुस्तकों का चयन करना है । इस उद्देश्य के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा मानदंड सबसे उपयुक्त है ?

(1) पाठ्य-पुस्तक को सचित्र और विद्यार्थियों के लिए आकर्षक होना चाहिए।

(2) पाठ्य-पुस्तक बाल-उन्मुख होनी चाहिए तथा लिंग, जाति, वर्ग और धर्म के आधार पर किसी भी रूढ़िवादिता या अपमानजनक व्यवहार से रहित होनी चाहिए।

(3) पुस्तक में चित्र बड़े और रंगीन होने चाहिए।

(4) भाषा सरल और विद्यार्थियों के मानसिक स्तर के अनुसार होनी चाहिए।

**65.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

प्राथमिक स्तर पर ईवीएस में विषयों के बजाय थीम हैं।

*कारण (R) :*

विषयों की तुलना में थीम-आधारित ईवीएस सीखना शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए आसान है।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(2) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

**66.** कक्षा III के विद्यार्थियों के लिए ईवीएस में निम्नलिखित में से कौन-सा सीखने का परिणाम (अधिगम प्रतिफल) ***नहीं*** है ?

(1) कुछ स्थानीय, इनडोर, आउटडोर खेलों में नियमों का अवलोकन करना

(2) कक्षा की दिशाओं की पहचान करना

(3) अच्छे और बुरे स्पर्श पर अपनी राय व्यक्त करना

(4) देखे गए/अनुभव किए गए मुद्दों पर आवाज़ उठाना और समाज की प्रथाओं से संबंधित करना जैसे संसाधनों के स्वामित्व में भेदभाव

**67.** Which of the following options is a major objective of teaching EVS from classes I to V ?

(1) Developing in-depth understanding of the basic concepts of the subject

(2) Helping learners link classroom learning to life outside the school

(3) Acquiring skills to carry out hands-on activities independently

(4) Preparing students for studying science at the middle level

**68.** Ms. Sheetal likes to use stories and poems in primary classes to explain various concepts of EVS. The most appropriate logic for her using stories and poems is to :

A. complete the EVS syllabus as well as students have heard them before coming to school.

B. encourage the students to write their own poems and stories.

C. make the students aware of diversity in language and culture.

D. make the lessons more interactive, enjoyable and interesting.

Choose the correct option :

(1) B, C and D

(2) A, C and D

(3) B and C

(4) A and B

**69.** Anita prepares a unit plan to teach the theme Family. Which of the following will be the title of her unit plan ?

(1) Family : Relationships within a Family

(2) Family : Relationships, Gender Roles, Occupations, as socio-cultural entity in changing times

(3) Families : Migrating families

(4) Types of Family : Nuclear and Joint

**67.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प कक्षा I से V तक ईवीएस पढ़ाने का एक मुख्य उद्देश्य है ?

(1) विषय की मूल अवधारणाओं की गहन समझ विकसित करना

(2) शिक्षार्थियों को कक्षा के अधिगम को स्कूल के बाहर के जीवन से जोड़ने में मदद करना

(3) स्वतंत्र रूप से व्यावहारिक क्रियाकलापों को करने के लिए कौशल प्राप्त करना

(4) विद्यार्थियों को मिडिल स्तर पर विज्ञान पढ़ने के लिए तैयार करना

**68.** श्रीमती शीतल ईवीएस की विभिन्न अवधारणाओं को समझाने के लिए प्राथमिक कक्षाओं में कहानियों और कविताओं का उपयोग करना पसंद करती हैं। उनके द्वारा कहानियों और कविताओं के प्रयोग का सबसे उपयुक्त तर्क है :

A. ईवीएस के पाठ्यक्रम को पूरा करना साथ ही साथ विद्यार्थियों का स्कूल में आने से पहले इनको सुना होना।

B. विद्यार्थियों को अपनी कविताओं और कहानियों को लिखने के लिए प्रोत्साहित करना।

C. विद्यार्थियों को भाषा और संस्कृति में विविधता के बारे में जागरूक बनाना।

D. पाठों को अधिक संवादात्मक, सुखद और दिलचस्प बनाना।

सही विकल्प चुनिए :

(1) B, C और D

(2) A, C और D

(3) B और C

(4) A और B

**69.** अनीता परिवार थीम को पढ़ाने के लिए एक इकाई योजना तैयार करती है। निम्नलिखित में से कौन-सा उसकी इकाई योजना का शीर्षक होगा ?

(1) परिवार : एक परिवार के भीतर संबंध

(2) परिवार : संबंध, लिंग भूमिकाएँ, व्यवसाय, बदलते समय में सामाजिक-सांस्कृतिक इकाई के रूप में

(3) परिवार : घुमंतु परिवार

(4) परिवार के प्रकार : एकल और संयुक्त

**70.** A teacher wants to select synchronous communication with her students for teaching EVS. Which of the following will she choose ?

(1) Instant messaging, blogs, tele-conferencing

(2) Video conferencing, online chat sessions, phone calls

(3) Phone calls, pre-recorded videos, tele-conferencing

(4) E-mail, social media posts, phone calls

**71.** While teaching EVS, a teacher's statement/question, which encourages students to elaborate on an answer either on their own or from the response of their peers, is :

(1) Chaining

(2) Trial and error

(3) Probing

(4) Conditioning

**72.** If theme Travel : Railway Station depicts utilisation of a community resource in EVS, which of the following will complete – theme Food : __________ ?

(1) Shopkeeper

(2) Farmer

(3) Agricultural farm

(4) Forest

**70.** एक शिक्षिका ईवीएस शिक्षण के लिए अपने विद्यार्थियों के साथ तुल्यकालिक (सिन्क्रोनस) सम्प्रेषण का चयन करना चाहती है। वह निम्नलिखित में से किसे चुनेगी ?

(1) त्वरित संदेश, ब्लॉग, टेली-कॉन्फ्रेंसिंग

(2) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ऑनलाइन चैट सत्र, फोन कॉल

(3) फोन कॉल, प्री-रिकॉर्डेड वीडियो, टेली-कॉन्फ्रेंसिंग

(4) ई-मेल, सोशल मीडिया पोस्ट, फोन कॉल

**71.** ईवीएस शिक्षण के दौरान, एक शिक्षक का बयान/प्रश्न जो विद्यार्थियों को स्वयं या अपने साथियों की प्रतिक्रियाओं से उत्तर को विस्तृत करने के लिए प्रोत्साहित करता है :

(1) चेनिंग

(2) परीक्षण और त्रुटि

(3) खोजपूर्ण प्रश्न

(4) कंडीशनिंग

**72.** यदि थीम यात्रा : रेलवे स्टेशन ईवीएस में एक सामुदायिक संसाधन के उपयोग को दर्शाता है, तो निम्नलिखित में से कौन पूरा करेगा – थीम भोजन : __________ ?

(1) दुकानदार

(2) किसान

(3) कृषि फार्म

(4) जंगल

**73.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

Learning of EVS needs to be oriented to process skills relating to observation, identification, classification, etc.

*Reason (R) :*

Through acquiring various process skills, the learning outcomes of EVS learning are expected to be achieved.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(2) (A) is true, but (R) is false.

(3) (A) is false, but (R) is true.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**74.** An EVS teacher should lay emphasis on __________ while preparing question paper for summative assessment

(1) Total marks and content coverage of the question paper

(2) Length and total marks of the question paper

(3) Length and objectives of the question paper

(4) Content coverage and objectives of the question paper

**75.** An EVS teacher demonstrates an experiment in class in which an egg sinks in a tumbler with water, but floats upon adding salt to the water. Which of the following is the most appropriate explanation she can give to students' enquiry ?

(1) You will learn the correct reason in higher classes.

(2) Conduct and observe the experiment with different amounts of salt.

(3) Allow each student to conclude on their own by adding different items in water.

(4) The egg floats due to density of water.

**73.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

ईवीएस के सीखने को अवलोकन, पहचान, वर्गीकरण, आदि से संबंधित प्रक्रिया कौशल के लिए उन्मुख होने की आवश्यकता है।

*कारण (R) :*

विभिन्न प्रक्रिया कौशल प्राप्त करने के माध्यम से, ईवीएस के सीखने के परिणामों को हासिल करने की संभावना होती है।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(2) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

**74.** एक ईवीएस शिक्षक को योगात्मक मूल्यांकन के लिए प्रश्न पत्र तैयार करते समय __________ पर ज़ोर देना चाहिए।

(1) प्रश्न पत्र के कुल अंक और सामग्री कवरेज

(2) प्रश्न पत्र की लंबाई और कुल अंक

(3) प्रश्न पत्र की लंबाई और उद्देश्य

(4) प्रश्न पत्र की सामग्री कवरेज और उद्देश्य

**75.** एक ईवीएस शिक्षक कक्षा में एक प्रयोग प्रदर्शित करता है जिसमें एक अंडा पानी के गिलास में डूब जाता है, लेकिन पानी में नमक मिलाने पर तैरता है । विद्यार्थियों की पूछताछ के लिए वह निम्नलिखित में से कौन-सी सबसे उपयुक्त व्याख्या दे सकती है ?

(1) आप उच्च कक्षाओं में सही कारण सीखेंगे।

(2) अलग-अलग मात्रा में नमक के साथ प्रयोग करें और उसका अवलोकन करें।

(3) प्रत्येक विद्यार्थी को पानी में विभिन्न वस्तुएँ डालकर स्वयं निष्कर्ष निकालने दें।

(4) पानी के घनत्व के कारण अंडा तैरता है।

**76.** Match Column A and Column B :

| | *Column A* | | *Column B* |
|---|---|---|---|
| A. | Cumin | I. | Appears like a nail |
| B. | Saffron | II. | Originated in South America |
| C. | Chillies | III. | Yellow in colour |
| D. | Clove | IV. | Small but fragrant |

(1) A-III, B-IV, C-I, D-II
(2) A-IV, B-I, C-III, D-II
(3) A-I, B-III, C-II, D-IV
(4) A-IV, B-III, C-II, D-I

**77.** The coastal State/Union Territory of Bay of Bengal is :

(1) Kerala
(2) Telangana
(3) Odisha
(4) Karnataka

**78.** Consider the following statements about forests :

A. 'Torang' means forest in Kuduk language.
B. The Village Council (Panchayat) in Jharkhand decides which family will get how much land for farming, by lottery.
C. The Right to Forest Act, 2007 gives the rights to people who have been living in the forest for at least 15 years.
D. About three-fourth people in Mizoram are linked to the forests.

The correct statements are :

(1) A and B
(2) A and D
(3) B and C
(4) A and C

**79.** What is the mass of an object with a density of 24 g/mL and a volume of 6 mL ?

(1) 143 g
(2) 144 g
(3) 146 g
(4) 142 g

**76.** स्तम्भ A और स्तम्भ B का मिलान कीजिए :

| | *स्तम्भ A* | | *स्तम्भ B* |
|---|---|---|---|
| A. | जीरा | I. | कील की तरह दिखता है |
| B. | केसर | II. | दक्षिणी अमेरिका से उत्पत्ति |
| C. | मिर्च | III. | पीले रंग का |
| D. | लौंग | IV. | छोटा परन्तु खुशबूदार |

(1) A-III, B-IV, C-I, D-II
(2) A-IV, B-I, C-III, D-II
(3) A-I, B-III, C-II, D-IV
(4) A-IV, B-III, C-II, D-I

**77.** बंगाल की खाड़ी का तटवर्ती राज्य/केन्द्र-शासित प्रदेश है :

(1) केरल
(2) तेलंगाना
(3) ओडिशा
(4) कर्नाटक

**78.** जंगलों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

A. कुड़ुक भाषा में 'तोरांग' का मतलब जंगल है।
B. झारखंड में, ग्राम परिषद् (पंचायत) लॉटरी के माध्यम से यह तय करती है कि किस परिवार को कृषि के लिए कितनी भूमि मिलेगी।
C. जंगल अधिकार कानून, 2007 उन लोगों को अधिकार दिलाता है जो कम-से-कम 15 वर्षों से जंगलों में रह रहे हैं।
D. मिज़ोरम में लगभग तीन-चौथाई लोग जंगलों से जुड़े हुए हैं।

इनमें सही कथन हैं :

(1) A और B
(2) A और D
(3) B और C
(4) A और C

**79.** 24 g/mL घनत्व और 6 mL आयतन वाली वस्तु का द्रव्यमान क्या होगा ?

(1) 143 g
(2) 144 g
(3) 146 g
(4) 142 g

**80.** Consider the following main functions of plants :

A. To produce and store food
B. To give strength and support to the plant
C. To transport water and minerals from roots to other parts of plant

The main function(s) of the stem is/are :

(1) Only A and B
(2) A, B and C
(3) Only B and C
(4) Only B

**81.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

On applying pressure, gas can be compressed easily.

*Reason (R) :*

When we apply pressure to a gas, the intermolecular space between gaseous particles decreases and it gets compressed.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(2) (A) is true, but (R) is false.
(3) (A) is false, but (R) is true.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**82.** Consider the following statements A and B :

*Statement A :*

In Manali, houses are constructed with wood, slanting roofs and elevated on strong bamboo pillars.

*Statement B :*

Manali receives a lot of rain and snowfall.

Choose the correct option :

(1) Both A and B are incorrect
(2) A is correct, but B is incorrect
(3) A is incorrect, but B is correct
(4) Both A and B are correct

**80.** पौधों के निम्नलिखित मुख्य कार्यों पर विचार कीजिए :

A. भोजन का उत्पादन और भंडारण करना
B. पौधे को शक्ति और सहारा देना
C. पौधे के अन्य भागों को जड़ों से जल और खनिज का स्थानांतरण करना

तने का/के मुख्य कार्य है/हैं :

(1) केवल A और B
(2) A, B और C
(3) केवल B और C
(4) केवल B

**81.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

दाब लगाने पर, गैस को आसानी से संपीडित किया जा सकता है।

*कारण (R) :*

जब हम किसी गैस पर दबाव लगाते हैं, तो गैसीय कणों के बीच अंतराअणुक स्थान कम हो जाता है और यह आसानी से संपीडित हो जाती है।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।
(2) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।
(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

**82.** निम्नलिखित कथनों A और B पर विचार कीजिए :

*कथन A :*

मनाली में, ढालू छतों वाले मज़बूत बाँसों के खम्भों पर बने ऊँचे उठे हुए लकड़ी के घर बनाए जाते हैं।

*कथन B :*

मनाली में बारिश बहुत होती है और बर्फ भी पड़ती है।

सही विकल्प चुनिए :

(1) A और B दोनों ग़लत हैं
(2) A सही है, परन्तु B ग़लत है
(3) A ग़लत है, परन्तु B सही है
(4) A और B दोनों सही हैं

**83.** Rama plays cricket with his friends every evening. Which energy does he use to play cricket ?

(1) Muscular energy
(2) Sound energy
(3) Light energy
(4) Chemical energy

**84.** Which one of the following is 'sticky rice' and is a common variety of rice in Assam ?

(1) Bomba rice
(2) Ponni rice
(3) Bora rice
(4) Arborio rice

**85.** With respect to Gujarat, the locations of Uttar Pradesh and Andhra Pradesh, respectively, are :

(1) North-East; South-East
(2) North-West; South-East
(3) North-West; South-West
(4) North-East; South-West

**86.** When we burn fuels we get :

(1) Mechanical and light energy
(2) Light and sound energy
(3) Only light energy
(4) Heat and light energy

**87.** Select from the following the best period of the year for the people of Bihar to start a bee-keeping programme :

(1) April to June
(2) August to October
(3) October to December
(4) February to April

**83.** रामा प्रत्येक शाम को अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलता है। वह क्रिकेट खेलने में कौन-सी ऊर्जा का उपयोग करता है ?

(1) मांसपेशियों की ऊर्जा
(2) ध्वनि ऊर्जा
(3) प्रकाश ऊर्जा
(4) रासायनिक ऊर्जा

**84.** निम्नलिखित में से कौन-सी असम में खाए जाने वाले चावलों की एक सामान्य किस्म है जो पकने के बाद चिपचिपे (स्टिकी) हो जाते हैं ?

(1) बोम्बा चावल
(2) पोन्नी चावल
(3) बोरा चावल
(4) अरबोरीयो चावल

**85.** गुजरात के सापेक्ष, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश की क्रमशः स्थितियाँ हैं :

(1) उत्तर-पूर्व; दक्षिण-पूर्व
(2) उत्तर-पश्चिम; दक्षिण-पूर्व
(3) उत्तर-पश्चिम; दक्षिण-पश्चिम
(4) उत्तर-पूर्व; दक्षिण-पश्चिम

**86.** जब हम ईंधन जलाते हैं तो हमें प्राप्त होती है/होते हैं :

(1) यांत्रिक एवं प्रकाश ऊर्जा
(2) प्रकाश एवं ध्वनि ऊर्जा
(3) केवल प्रकाश ऊर्जा
(4) ऊष्मा एवं प्रकाश ऊर्जा

**87.** बिहार राज्य के लोगों के लिए निम्नलिखित में से मधुमक्खी-पालन कार्यक्रम आरम्भ करने के वर्ष की सर्वश्रेष्ठ अवधि चुनिए :

(1) अप्रैल से जून
(2) अगस्त से अक्टूबर
(3) अक्टूबर से दिसम्बर
(4) फरवरी से अप्रैल

**88.** Consider the following statements about snakes and identify the ***incorrect*** one from the following :

(1) Poisonous snakes have fangs.

(2) They chew up their prey.

(3) They swallow their food whole.

(4) Snakes have sharp teeth.

**89.** Bronze is an alloy made by melting the following :

(1) Aluminium and zinc

(2) Zinc and tin

(3) Tin and copper

(4) Copper and zinc

**90.** Select the correct statements about elephants from the following :

A. A three-month-old baby elephant generally weighs about 100 kg.

B. An adult elephant can eat more than 200 kg of leaves and twigs in one day.

C. Elephants do not rest very much; they sleep for only two to four hours in a day.

D. Elephants like to play with mud and water.

(1) A and C

(2) C and D

(3) B and D

(4) A and B

**88.** साँपों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा निम्नलिखित में से ***ग़लत*** कथन को चिह्नित कीजिए :

(1) जहरीले साँपों के डसने वाले दाँत होते हैं।

(2) वे अपने शिकार को चबाकर खाते हैं।

(3) वे अपने भोजन (शिकार) को पूरा निगल जाते हैं।

(4) साँपों के दाँत नुकीले होते हैं।

**89.** काँसा (ब्राँज़) एक मिश्रधातु है जिसे निम्नलिखित में से किन्हें पिघलाकर बनाया जाता है ?

(1) ऐलुमिनियम और ज़िंक

(2) ज़िंक और टिन

(3) टिन और कॉपर

(4) कॉपर और ज़िंक

**90.** निम्नलिखित में से हाथियों के बारे में सही कथन चुनिए :

A. तीन महीने के हाथी के बच्चे का वज़न सामान्यतः लगभग 100 किलोग्राम होता है।

B. वयस्क हाथी एक दिन में 200 किलोग्राम से अधिक पत्तियों और झाड़ियों को खा सकता है।

C. हाथी बहुत अधिक आराम नहीं करते हैं; वे दिन में दो से चार घण्टे ही सोते हैं।

D. हाथी कीचड़ और पानी से खेलना पसन्द करते हैं।

(1) A और C

(2) C और D

(3) B और D

(4) A और B

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for ENGLISH as LANGUAGE – I.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **अंग्रेज़ी** चुना हो ।

# PART IV
# LANGUAGE I
# ENGLISH

***Directions :*** *Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 91 to 99) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

In the middle of her solo trip to Mizoram last month, Geeta Garud, 69, was walking on a narrow ledge, "making my way behind a waterfall, trying out something I wouldn't have in my younger years. And I realised how travelling solo was such a liberating experience."

Before going on her week-long holiday, she was hesitant about travelling by herself. Garud had asked friends and family but found no takers. Yet there she was, alone, relishing a challenging trek. "Why was I being dependent on others? Being alone gives you a sense of freedom."

She ended up having many firsts. She danced impromptu at a festival in Reiek, waded into a river, and went horse-riding. "I had opportunities to try horse-riding when I was younger, but could not work up the courage. This time, I thought, if not now, I may not get another chance," says Garud, who was an athlete in her youth and had played cricket.

She was at her farm in Koregaon during the lockdown and had felt the lack of social connections. It motivated her to travel as soon as things eased.

"Travel is also about meeting people; I felt that sense of joy and freedom when I finally did it." She is planning to travel to Europe next and has decided not to take a friend or relative along. She intends to revisit the joy of travelling alone and relishing a sense of freedom all over again.

**91.** Which of the following statements is ***incorrect*** ?

Travelling alone in distant Mizoram at the age of 69 :

(1) she was taking a big risk.

(2) she was breathing an air of freedom.

(3) was very enjoyable but very tiring.

(4) was a novel experience for Garud.

**92.** Garud travelled alone as :

(1) no one agreed to accompany her.

(2) she did not like company.

(3) a companion would have offered her unasked for advice.

(4) it was less expensive.

**93.** Which of the following statements is true/false ?

A. Initially, she did not like to go alone.

B. She wanted only a friend to go with her.

Choose the correct option :

(1) B is true and A is false.

(2) Both A and B are true.

(3) Both A and B are false.

(4) A is true and B is false.

**94.** Study the following statements :

A. She practised only for a day before dancing in a festival.

B. Horse-riding is a courageous skill.

C. Her experience as an athlete helped her in trying horse-riding.

Choose the correct option :

(1) B and C are true, but A is false.

(2) A and C are true, but B is false.

(3) A and B are false, but C is true.

(4) A and B are true, but C is false.

**95.** Which one of the following statements is ***not*** true ?

(1) A friend might not have let her wade into a river.

(2) Walking on a narrow ledge is an easy task.

(3) Garud's family owned a farm at Koregaon.

(4) During lockdown, Garud felt isolated and lonely.

**96.** "And I realised how travelling solo was ..... ."

The underlined expression is a/an _______ clause.

(1) Noun

(2) Adjective

(3) Adverb

(4) Principal

**97.** 'Garud had asked friends and family <u>but</u> found no takers.'

The underlined word is a/an __________ .

(1) Pronoun
(2) Conjunction
(3) Interjection
(4) Noun

**98.** 'She was <u>hesitant</u> ..... .'

Choose the word nearest in meaning to the underlined one.

(1) disinclined
(2) harmless
(3) willing
(4) keen

**99.** '..... <u>relishing</u> a challenging trek.'

Choose the word opposite in meaning to the underlined one.

(1) revealing
(2) denying
(3) realising
(4) disliking

***Directions :*** *Read the poem given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 100 to 105) by selecting the **correct / most appropriate** option.*

Gather ye rosebuds while ye may,
    Old Time is still a-flying;
And this same flower that smiles today
    Tomorrow will be dying.

The glorious lamp of heaven, the sun,
    The higher he's a-getting,
The sooner will his race be run,
    And nearer he's to setting.

That age is best which is the first,
    When youth and blood are warmer;
But being spent, the worse, and worst
    Times still succeed the former.

Then be not coy, but use your time,
    And while ye may, go marry;
For having lost but once your prime,
    You may forever tarry.

**100.** The poem is addressed to a/an __________.

(1) young woman
(2) old friend
(3) old unmarried woman
(4) gardener

**101.** The example of the sun is given to :

(1) show his warmth.
(2) warn of his setting.
(3) describe the glory of his light.
(4) describe the fast passage of time.

**102.** What does the poet tell us about young age ?

(1) Time will soon pass.
(2) It is a time to find one's love.
(3) Time will soon pass and it is a time to find one's love.
(4) It is a time to work hard.

**103.** Which of the following statements is true/false ?

A. Gathering rosebuds is the same as enjoying one's life.

B. The sun can't keep on shining forever.

Choose the correct option :

(1) B is true and A is false.
(2) Both A and B are true.
(3) Both A and B are false.
(4) A is true and B is false.

**104.** 'And this same flower that smiles today.' Identify the figure of speech used in this line.

(1) Metaphor
(2) Personification
(3) Hyperbole
(4) Simile

**105.** Identify the figure of speech used in : 'The glorious lamp of heaven, the sun'.

(1) Metaphor
(2) Personification
(3) Hyperbole
(4) Simile

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct / most appropriate*** *option.*

**106.** A teacher of Class III is presenting new vocabulary to the learners. Which one of the following is an effective way to present the new vocabulary ?

(1) The teacher should give them a concise definition of words.

(2) The teacher should try to explain a word's meaning in the situation in which it occurs.

(3) The teacher should write its meaning on the blackboard and ask learners to learn it by heart.

(4) The teacher should tell them the antonyms of words and give the meaning in their language.

**107.** Learning a language is a matter of __________.

(1) process

(2) product

(3) skill

(4) acquisition

**108.** Choose the strategy that matches the example.

*'I focus on the language I use to make sure it is correct.'*

(1) Revising

(2) Self-monitoring

(3) Translanguaging

(4) Memorising

**109.** Students in Class II sing a song, 'Head and shoulders, knees and toes'. They touch the correct part of their body as they sing the song. Which method is the teacher using to teach them ?

(1) Communicative Language Teaching

(2) Total Physical Response

(3) Eclectic

(4) Audio-lingual

**110.** Match the ways of reading with what readers do :

| | *Ways of reading* | | *What readers do* |
|---|---|---|---|
| A. | Predicting | i. | They determine how writers feel based on how they write. |
| B. | Inferring attitude | ii. | They use parts of the text to help them understand unfamiliar lexis. |
| C. | Deducing meaning from context | iii. | They look at how the information is structured, by noticing headings or introductory phrases. |
| D. | Intensive reading | iv. | They focus on how language is used in a piece of text. |
| E. | Identifying text organisation | v. | They use titles and pictures to give themselves ideas about what the text is about. |

(1) A-i, B-iv, C-v, D-ii, E-iii

(2) A-ii, B-i, C-iii, D-iv, E-v

(3) A-iv, B-iii, C-ii, D-i, E-v

(4) A-v, B-i, C-ii, D-iv, E-iii

**111.** Students work in groups to answer five questions about vocabulary from the previous unit. Then, they exchange questions with another group and try to answer the questions. This is an example of :

(1) Feedback

(2) Reading assessment

(3) Peer assessment

(4) Self-assessment

**112.** I like it when the teacher gives me a card with a word or phrase on it and I have to act it out for the rest of the class so that they guess the word.

Find the learners' comments with the learners' preferences listed below:

(1) I remember language well when I hear it.

(2) I remember language well when I memorise the phrase from the card.

(3) I remember language well when I am kinesthetically involved.

(4) I remember language well when I see it.

**113.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

All children who enter school are competent language users according to their age.

*Reason (R) :*

Due to language and cultural diversity, they are unable to demonstrate their abilities.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(2) (A) is true, but (R) is false.

(3) (A) is false, but (R) is true.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**114.** Manjeet of Class V speaks in different ways to his teacher, to his friends and also to a two-year-old child. It means Manjeet knows how to use language in social situations. What is this attribute of a language known as ?

(1) Semantics

(2) Pragmatics

(3) Act of speech

(4) Naturalist

**115.** A mother notices that her child sometimes says things that she has never heard adults or her siblings say. She is confused, as she believes that the child learns language by imitating people in her family and immediate surroundings. Her belief resonates with :

(1) Behaviourism

(2) Constructivism

(3) Multilingualism

(4) Nativism

**116.** The set of skills that develop before children begin formal reading instruction and which provide the foundation for later academic skills is :

(1) Emergent curriculum

(2) Emergent properties

(3) Emergent literacy

(4) Emergent solution

**117.** A grandmother loves to read out stories from books to young children at home and, in this way, exposes them to books and new ideas, and the children are actively engaged in this process. This technique is known as :

(1) Shared reading

(2) Dialogic reading

(3) Aloud reading

(4) Model reading

**118.** An approach to teaching reading that starts with basic elements like letters and phonemes and teaches children that phonemes can be combined into words before moving on to reading as a whole is :

(1) Bottom-up approach

(2) Whole language approach

(3) Structural approach

(4) Top-down approach

**119.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

Use of phonetic spelling slows down the ability to learn to spell correctly.

*Reason (R) :*

When young children use spellings that they 'invented' rather than conventional spellings, it does not slow down their ability to learn to spell correctly.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(2) (A) is true, but (R) is false.

(3) (A) is false, but (R) is true.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**120.** In learning a new language, many students often lack confidence when speaking due to the language's unique pronunciation rules. One way to overcome this problem is by :

(1) using game-like activities that require verbal interaction in the classroom.

(2) conducting special speech therapy with a counsellor and practice through drills.

(3) correcting errors whenever they happen.

(4) letting children read aloud in class.

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for HINDI as LANGUAGE – I.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **हिंदी** चुना हो ।

# भाग IV
## भाषा I
## हिंदी

***निर्देश :*** *निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 91 से 99) में **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए ।*

अपने स्वार्थ या संस्कृति के कारण सामान्य व्यवहार में हम कितनी ही बार सबसे धन्यवाद बोलते हैं । तो यह कृतज्ञता सिर्फ़ उन्हीं तक सीमित क्यों ? हमें मानव जन्म देने वाले ईश्वर के लिए और जलवायु, भोजन, ऊर्जा जैसे बहुत सारे उपहार देने वाली प्रकृति के लिए भी क्यों नहीं ? हम ईश्वर से संवाद करें कि वह हमारे हृदय में पवित्रता, सद्गुणों के प्रकाश को आलोकित करें । दुखों के कारण तो हमारे विकार हैं, बुराइयाँ हैं । हर बुराई अज्ञान के अंधकार में फैलती है, प्रकाश होते ही उसका सामर्थ्य खत्म हो जाता है । सुख-दुख दोनों ही हमारे कर्मों के फल हैं । हमें समझना चाहिए कि बिना दुख भोगे, सुख नहीं पाया जा सकता है । मानवीय पुरुषार्थ करते रहें, मन की कोठरी को स्वच्छ रखें, जहाँ ज़रूरत हो, प्रायश्चित भी अवश्य करें । कौन जाने कब किस रूप में प्रभु किस माध्यम से सहायक हो जाएँ । ईश्वर के प्रति आभार प्रकट करना एक ऐसा अचूक तरीका है जो हमें असंतुष्टि और ईर्ष्या जैसी निकृष्ट बातों से ऊपर उठाता है और यही हमारे जीवन का मूलभूत लक्ष्य है ।

**91.** गद्यांश के अनुसार सबसे धन्यवाद कहने का कारण ***नहीं*** है :

(1) संस्कृति
(2) स्वभाव
(3) दया
(4) स्वार्थ

**92.** 'हर बुराई अज्ञान के अंधकार में फैलती है।' से तात्पर्य है :

(1) अँधेरा सब बुराइयों की जड़ है।
(2) अज्ञानता के कारण बुराइयाँ फैलती हैं।
(3) अज्ञानी व्यक्ति बुराइयाँ फैलाता है।
(4) अँधेरा होते ही बुराइयाँ फैल जाती हैं।

**93.** 'सुख-दुख' का कारण है :

(1) दुर्भाग्य
(2) कर्म
(3) प्रारब्ध
(4) भाग्य

**94.** गद्यांश के अनुसार प्रायश्चित के साथ-साथ मानव को क्या करना चाहिए ?

(1) पुरुषार्थ
(2) दुख भोगना
(3) सुख भोगना
(4) सफ़ाई करना

**95.** 'मन की कोठरी को स्वच्छ रखें', से तात्पर्य है :

(1) मन से बुरे भावों का निष्कासन
(2) मन के अनुसार कार्य करना
(3) मन सब विकारों का कारण है
(4) मन को नियंत्रण में रखना

**96.** जीवन का मुख्य लक्ष्य है :

(1) ईश्वर के प्रति आभार प्रकट करना
(2) ईर्ष्या से ऊपर उठना
(3) ईश्वर के प्रति अनासक्ति
(4) ईश्वर की भक्ति करना

**97.** 'स्वार्थ' का विलोम है :

(1) स्वार्थपरायणता
(2) परोपकार
(3) निःस्वार्थ
(4) प्रयोजन

**98.** 'मानवीय' शब्द में प्रत्यय है :

(1) ईय
(2) इय
(3) य
(4) वीय

**99.** कौन-सा शब्द-युग्म समूह से भिन्न है ?

(1) ज्ञान-अज्ञान
(2) अंधकार-अँधेरा
(3) शुद्ध-अशुद्ध
(4) सुख-दुख

***निर्देश :*** *निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 100 से 105) में* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *उत्तर वाले विकल्प को चुनिए ।*

आया समय, उठो तुम नारी,
युग-निर्माण तुम्हें करना है।

आज़ादी की खुदी नींव में,
तुम्हें प्रगति पत्थर भरना है।

अपने को कमज़ोर न समझो,
जननी हो संपूर्ण जगत की, गौरव हो।

**100.** कविता का मुख्य स्वर है :
(1) स्त्री-शक्ति
(2) स्वतंत्रता
(3) गौरव गाथा
(4) युग-निर्माण

**101.** कविता के अनुसार स्वतंत्रता-प्राप्ति में स्त्री की भूमिका _________ है।
(1) नगण्य
(2) अप्रासंगिक
(3) औसत
(4) संज्ञान योग्य

**102.** स्त्री के लिए किस 'विशेषण' का प्रयोग ***नहीं*** किया गया है ?
(1) अबला
(2) गौरव
(3) सबला
(4) नींव

**103.** स्त्री की निर्माणकारी शक्ति का भाव कविता की किस पंक्ति में निहित है ?
(1) जननी हो संपूर्ण जगत की।
(2) कमज़ोर न समझो।
(3) युग-निर्माण तुम्हें करना है।
(4) आज़ादी की खुदी नींव।

**104.** कविता के अनुसार स्त्री को :
(1) स्वयं की शक्ति को पहचानना होगा।
(2) जननी के रूप में ही रहना होगा।
(3) गौरव-गान करते रहना होगा।
(4) पत्थर भरने का कार्य ही करना होगा।

**105.** 'जननी हो संपूर्ण जगत की ..... ।' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?
(1) रूपक
(2) यमक
(3) अनुप्रास
(4) उपमा

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए ।*

**106.** कक्षा III की अध्यापिका अपने शिक्षार्थियों को नई शब्दावली से परिचित करवा रही है। निम्नलिखित में से कौन-सा नई शब्दावली सिखाने का प्रभावशाली तरीका है ?
(1) अध्यापिका बच्चों को शब्दों की ठोस परिभाषा बताए।
(2) अध्यापिका स्थिति विशेष के अनुसार उस शब्द का अर्थ समझाने की कोशिश करे।
(3) अध्यापिका श्यामपट्ट पर शब्द का अर्थ लिखे और शिक्षार्थियों को उसे याद करने के लिए कहे।
(4) अध्यापिका शब्दों के विलोम शब्द बताए और बच्चों की भाषा में उन शब्दों के अर्थ बताए।

**107.** भाषा सीखना किससे संबंधित है ?
(1) प्रक्रिया
(2) उत्पाद
(3) कौशल
(4) अर्जन

**108.** उस युक्ति का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए उदाहरण से मेल खाती है।
*'मैं भाषा पर ध्यान केन्द्रित रखती हूँ, मैं इस बात का पूरा ध्यान रखती हूँ कि यह सही हो।'*
(1) पुनरावृत्ति करना (दोहराना)
(2) स्व-निरीक्षण
(3) पर-भाषा-व्यवहार (ट्रांस्लैंग्युजिंग)
(4) याद करना

**109.** कक्षा II के विद्यार्थी एक कविता गा रहे हैं – "यह मेरी नाक है, ये मेरे कान ।" यह कविता गाते समय वे शरीर के जिस अंग का नाम लेते हैं, उस अंग को स्पर्श भी करते हैं। अध्यापिका किस विधि का प्रयोग कर उन्हें सिखा रही है ?

(1) सम्प्रेषणात्मक भाषा शिक्षण

(2) समग्र भौतिक प्रतिक्रिया

(3) विभिन्न दर्शन ग्राही

(4) श्रव्य-भाषिक

**110.** पठन के तरीकों का, पाठक को क्या करना चाहिए, से मिलान कीजिए :

| | *पठन के तरीके* | | *पाठक को क्या करना चाहिए* |
|---|---|---|---|
| A. | अनुमान | i. | लेखक कैसे लिखते हैं, इसके आधार पर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लेखक क्या महसूस करते हैं। |
| B. | निष्कर्ष निकालना | ii. | अपरिचित शब्दों को समझने के लिए पाठ्य-सामग्री के कुछ हिस्सों से मदद लेनी चाहिए। |
| C. | संदर्भ से जोड़कर अर्थ निकालना | iii. | शीर्ष कथन या प्रस्तावना पर ध्यान देते हुए यह देखना चाहिए कि सूचनाएँ किस तरह से संरचित की गई हैं। |
| D. | गहन पठन | iv. | पाठ्य-वस्तु में भाषा का किस तरह से प्रयोग किया गया है, इस पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। |
| E. | पाठ्य-वस्तु के संयोजन की पहचान | v. | पाठ्य-सामग्री किस बारे में है, यह जानने के लिए शीर्षकों और चित्रों का प्रयोग करना चाहिए। |

(1) A-i, B-iv, C-v, D-ii, E-iii

(2) A-ii, B-i, C-iii, D-iv, E-v

(3) A-iv, B-iii, C-ii, D-i, E-v

(4) A-v, B-i, C-ii, D-iv, E-iii

**111.** विद्यार्थी पिछली इकाई से शब्द लेकर पाँच प्रश्नों के उत्तर समूह में देने का काम कर रहे हैं। वे अपने सवालों को दूसरे समूहों के साथ अदला-बदली करते हैं और सवालों के उत्तर देने की कोशिश करते हैं। यह किसका उदाहरण है ?

(1) पृष्ठ-पोषण (फीडबैक)

(2) पठन आकलन

(3) सहपाठी आकलन

(4) स्व-आकलन

**112.** मुझे यह काम बहुत ही पसंद है – जब अध्यापिका मुझे एक कार्ड देती है, जिस पर कोई शब्द या वाक्य लिखा होता है। मैं उससे संबंधित अभिनय करती हूँ और समूची कक्षा उस शब्द/वाक्य के बारे में अनुमान लगाती है। शिक्षार्थी की प्राथमिकताओं के साथ शिक्षार्थी की टिप्पणी की पहचान कीजिए।

(1) जब मैं सुनती हूँ तो मुझे भाषा अच्छी तरह से याद रहती है।

(2) जब मैं कार्ड से वाक्य को याद करती हूँ तो मुझे भाषा अच्छी तरह से याद रहती है।

(3) जब मैं गति-बोधक तरीके से संलग्न रहती हूँ तो मुझे भाषा अच्छी तरह से याद रहती है।

(4) जब मैं देखती हूँ तो मुझे भाषा अच्छी तरह से याद रहती है।

**113.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

विद्यालय में प्रवेश करने वाले सभी बच्चे अपनी आयु अनुसार भाषा के सक्षम प्रयोगकर्ता होते हैं।

*तर्क (R) :*

भाषिक और सांस्कृतिक विविधता के कारण वे अपनी योग्यताओं का प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(2) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

**114.** कक्षा V का मंजीत अपने अध्यापक से अलग शैली में बात करता है, अपने मित्रों से कुछ अलग तरह से और एक दो-वर्षीय बच्चे से कुछ अलग तरह से बात करता है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि मंजीत जानता है कि सामाजिक स्थितियों में भाषा का प्रयोग किस तरह से करना है। भाषा के इस गुण को किस रूप में जाना जाता है ?

(1) अर्थगत
(2) उपयोगितावादी
(3) वाक्‌गत
(4) प्रकृतिवादी

**115.** एक माँ ने इस बात की ओर ध्यान दिया कि उसकी बच्ची कभी-कभी ऐसे शब्द बोल जाती है जो न तो उसने कभी किसी वयस्क से सुने हैं और न ही अपने भाई-बहनों से सुने हैं। इस बात को लेकर वह भ्रमित है, क्योंकि उसका मानना है कि बच्चे अपने परिवार और आस-पास के परिवेश में लोगों का अनुकरण करके भाषा सीखते हैं। उसका यह मत किससे प्रतिध्वनित (मेल खाना) होता है ?

(1) व्यवहारवाद
(2) रचनावाद
(3) बहुभाषावाद
(4) सहजवाद (प्राकृतवाद)

**116.** कौशलों के उस समूह को क्या कहेंगे जो बच्चे औपचारिक पठन निर्देश शुरू करने से पहले विकसित कर लेते हैं और जो बाद के अकादमिक कौशलों के लिए बुनियाद प्रदान करता है ?

(1) उद्‌गामी पाठ्यचर्या
(2) उद्‌गामी गुणधर्म
(3) उद्‌गामी साक्षरता
(4) उद्‌गामी (इमरजेंट) समाधान

**117.** एक दादी/नानी अपने घर में छोटे बच्चों को पुस्तकों से कहानियाँ पढ़कर सुनाना पसंद करती है। इस तरह से वह उन्हें पुस्तकों व नए विचारों से परिचित करवाती है, और बच्चे भी इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से संलग्न रहते हैं। इस तकनीक को किस रूप में जाना जाता है ?

(1) साझा पठन
(2) संभाषिक पठन
(3) सस्वर पठन
(4) मॉडल पठन

**118.** पठन सिखाने का वह उपागम जिसमें मूल तत्त्वों जैसे वर्णों और स्वनिम से शुरू किया जाता है और जिसमें बच्चों को यह सिखाया जाता है कि समग्र रूप से पठन सीखने से पहले स्वनिम को शब्दों से मिलाया जाता है, इस उपागम को क्या कहेंगे ?

(1) अधोमुखी (बॉटम-अप) उपागम
(2) समग्र भाषा उपागम
(3) संरचनात्मक उपागम
(4) शीर्ष-अधोमुखी (टॉप-डाउन) उपागम

**119.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*
ध्वन्यात्मक वर्तनी के प्रयोग से सही वर्तनी लिखना सीखने की योग्यता मंद पड़ जाती है।

*तर्क (R) :*
जब बच्चे पारंपरिक वर्तनी के स्थान पर अपनी 'आविष्कृत' वर्तनी का उपयोग करते हैं, तब यह सही वर्तनी लिखने की उनकी योग्यता को मंद नहीं करती है।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।
(2) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।
(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

**120.** नई भाषा सीखते समय, बहुत से विद्यार्थी भाषा के अद्वितीय उच्चारण संबंधी नियमों के कारण भाषा बोलते समय प्राय: आत्मविश्वास की कमी का सामना करते हैं। इस समस्या को दूर करने का तरीका क्या है ?

(1) कक्षा में ऐसे खेलों जैसी गतिविधियों का प्रयोग किया जाए जिसमें मौखिक अन्त:क्रियाएँ अधिक हों।
(2) काउन्सलर के साथ विशेष वाक् थेरेपी सत्र आयोजित किए जाएँ और ड्रिल के माध्यम से अभ्यास किया जाए।
(3) जब-जब उन्हें समस्या आए, उनकी ग़लती में सुधार किया जाए।
(4) बच्चे कक्षा में सस्वर वाचन करें।

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for ENGLISH as LANGUAGE – II.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **अंग्रेज़ी** चुना हो ।

# PART V
# LANGUAGE II
# ENGLISH

***Directions :*** *Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 121 to 128) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

Dorothy lived in the midst of the great Kansas prairies (grasslands) with Uncle Henry, who was a farmer, and Aunt Em, who was the farmer's wife. Their house was small, for the lumber to build it had to be carried by wagon from many miles afar. There were four walls, a floor and a roof, which made one room; and this room contained a rusty looking cooking stove, a cupboard for the dishes, a table, three or four chairs, and the beds.

Uncle Henry and Aunt Em had a big bed in one corner, and Dorothy a little bed in another corner. There was no garret at all, and no cellar — except a small hole dug in the ground, called a cyclone cellar, where the family could go in case one of those great whirlwinds arose, mighty enough to crush any building in its path. It was reached by a trapdoor in the middle of the floor, from which a ladder led down into the small, dark hole.

When Dorothy stood in the doorway and looked around, she could see nothing but the great gray prairie on every side. Not a tree nor a house broke the broad sweep of flat country that reached to the edge of the sky in all directions. The sun had baked the ploughed land into a gray mass, with little cracks running through it. Even the grass was not green, for the sun had burned the tops of long blades until they were the same gray colour to be seen everywhere. Once the house had been painted, but the sun blistered the paint and the rains washed it away, and now the house was as dull and gray as everything else.

**121.** Which one of the following statements is true ?

(1) Uncle Henry had a big farm.

(2) She lived in a small and shabby house.

(3) Uncle Henry's house was freshly painted.

(4) Dorothy's parents were rich farmers.

**122.** Which one of the following statements is true ?

(1) It was made of wood, as wood was easily available.

(2) Dorothy slept in a big wooden bed.

(3) There was no tall tree near the house.

(4) The house was a comfortable brick house.

**123.** Study the following statements :

A. In the vast grassland, Uncle Henry's was the only house.

B. There was sun-baked gray grass all around.

C. In the middle of the prairies was a green field ploughed by Uncle Henry.

Choose the correct option :

(1) B and C are right, but A is wrong.

(2) A and C are right, but B is wrong.

(3) A and B are wrong, but C is right.

(4) A and B are right, but C is wrong.

**124.** Study the following statements :

A. Uncle Henry had a tractor trolley in which wood was carried.

B. The wood for the house was carried from far away.

Choose the correct option :

(1) B is right and A is wrong.

(2) Both A and B are right.

(3) Both A and B are wrong.

(4) A is right and B is wrong.

**125.** Which of the following statements are true (T) and which ones are false (F) ?

A. The fear of a cyclone loomed large on the family.

B. They had built a shelter for protection against wind and rain.

C. Around the house there was nothing to reduce the impact of a storm.

D. Their drawing room had only three or four chairs.

Choose the correct option :

(1) T T T F

(2) F F T T

(3) T F T F

(4) F T F T

**126.** '........... with Uncle Henry, who was a farmer.'
The underlined word is a/an _________ clause.
(1) Noun
(2) Adjective
(3) Adverb
(4) Principal

**127.** 'a cupboard for the dishes.'
The underlined word is a/an ___________ .
(1) Preposition
(2) Adverb
(3) Article
(4) Conjunction

**128.** There was no garret at all.
The underlined word nearly means the same as a __________ .
(1) study
(2) toilet
(3) pantry
(4) loft

***Directions :*** *Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 129 to 135) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

Father would dress himself for court in a brightly coloured *dhoti*, a matching white shirt with an equally bright white turban and a neat black coat. The paraphernalia to court would include a cloth bundle containing court papers and a basket containing hot coffee with tumblers and plates for tiffin given by my mother or sisters-in-law.

The younger advocates of his time were great admirers of my father and used to listen to him with rapt attention whenever he rose to address the court. His arguments were forceful, coherent, cogent, compulsive and conclusive. The arguments would go on till about lunchtime and even the English judge used to take down notes of his points.

One client was particular that my father alone should argue his case. On the day my mother died, this case happened to be on the cause list. My mother was alive when my father left for court at 10 a.m. that morning and he had told my brother that he would return as soon as the case was over. Unfortunately, she died within an hour of his departure.

With some difficulty, the news was conveyed through an advocate in court. My father, however, continued his arguments without showing any emotions. Only after concluding the case did he get back home to the room where my mother's body lay and stood in stoic silence.

**129.** Father was very particular about dressing :
(1) to impress his family.
(2) as he was rich enough to buy good clothes.
(3) as he wanted to follow the proper dress code.
(4) to impress the judges.

**130.** Which of the following statements are true/false ?
A. Father avoided eating in the court canteen.
B. He liked to drink hot tea during the day.
C. He carried case files wrapped in a cloth.
Choose the correct option :
(1) B and C are true, but A is false.
(2) C and A are true, but B is false.
(3) A and B are false, but C is true.
(4) A and B are true, but C is false.

**131.** Which of the following statements is ***wrong*** ?
(1) Only a few were jealous of his popularity.
(2) He argued his cases logically and persuasively.
(3) He was the preferred lawyer of some clients.
(4) Young advocates wanted to learn from him.

**132.** Which of the following statements are true/false ?
A. Even the judges recognised his legal acumen.
B. He preferred his legal obligations to family obligations.
Choose the correct option :
(1) B is true and A is false.
(2) Both A and B are true.
(3) Both A and B are false.
(4) A is true and B is false.

**133.** 'His arguments were forceful, coherent, ............'
Choose the word similar in meaning to the underlined one.
(1) crazy
(2) witless
(3) calculating
(4) reasonable

**134.** '............ a bundle containing court papers.'
The underlined word is a/an :
(1) Verb
(2) Adjective
(3) Adverb
(4) Noun

**135.** 'One client was particular that my father .......'
The underlined expression is a/an __________ clause.
(1) Noun
(2) Adjective
(3) Adverb
(4) Principal

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

**136.** A way to teach reading that emphasises understanding the meaning of words from the context in which they appear is :
(1) Bottom-up approach
(2) Whole language approach
(3) Structural approach
(4) Communicative approach

**137.** The ability to think and talk about language is :
(1) Proficiency
(2) Emergent literacy
(3) Metalinguistic ability
(4) Phonological awareness

**138.** A mother asked the teacher of Class II how it was possible for her child to sometimes say things that she had never heard any adults or siblings say. How is it possible ?
Which one of the following is the apt answer to this question ?
(1) The human brain is innately wired to learn language.
(2) A child learns language when we reinforce the development of the child's language.
(3) As per the constructivist approach, children can invent new languages.
(4) Children learn language only by imitating adults.

**139.** A technique used to facilitate early literacy, which involves an adult and a child looking at a book together while the adult asks questions and encourages a dialogue, followed by switching roles so that the child asks questions to the adult, is called :
(1) Shared reading
(2) Dialogic reading
(3) Storytelling
(4) Model reading

**140.** A teacher can develop the listening skills of language learners by :
(1) focusing only on listening skills without associating them with other language skills.
(2) creating opportunities for learners to listen to a variety of language sources and people and engaging in other listening activities.
(3) making the learners listen to everything they hear passively.
(4) speaking continuously to learners both within the classroom and outside.

**141.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

Accuracy in language is most important at the primary level.

*Reason (R) :*

Grammar is an integral part of the primary curriculum.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(2) (A) is true, but (R) is false.
(3) (A) is false, but (R) is true.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**142.** Theoretical positions and beliefs about the nature of language, the nature of language learning, and the applicability of both to pedagogical settings is :

(1) Content
(2) Approach
(3) Technique
(4) Syllabus

**143.** Formative evaluation is :

(1) related to ongoing development and improvement.
(2) carried out at a pre-specified or particular stage in the course.
(3) not subjected to change.
(4) what is happening in the teaching-learning process.

**144.** While planning lessons for young learners, the teacher decided to focus on the Total Physical Response (TPR) method. Which one of the following should be used to include TPR in the lesson ?

(1) Choose activities that help them stay in their seats and work in pairs or groups.
(2) Must add some listening activity in class.
(3) Must keep activities aside and instead ask questions and motivate them to respond.
(4) Must ensure to add some bodily activities in class.

**145.** Which approach to grammar encourages the belief that learning a language is a matter of learning rules ?

(1) Inductive
(2) Communicative
(3) Grammar Translation
(4) Deductive

**146.** A teacher is planning to give a free writing task to learners in Class V. Which one of the following should be focused on most by the teacher ?

(1) Fluency of the content
(2) Both fluency and accuracy of the content
(3) The handwriting of the learner
(4) Accuracy of the content

**147.** Top-down means 'attend to the overall meaning'. What does 'bottom-up' mean ?

(1) Focus on pre-reading
(2) Focus on the words and phrases of the text
(3) Focus on asking short answer type questions
(4) Focus on the gist of the text and abstract ideas

**148.** Which among these is the primary responsibility of the language teacher ?

(1) Selecting suitable content for teaching
(2) Grouping learners into different classes
(3) Instructing the learners
(4) Identifying the learner's communicative needs

**149.** A young child picks up a book, holds it right side up, and turns the pages. These activities demonstrate :

(1) emergent curriculum
(2) emergent properties
(3) emergent solution skills
(4) emergent literacy skills

**150.** Read the following statements and choose the correct option :

*Assertion (A) :*

Learners acquire languages since they are genetically predisposed to do so and the environment does not play any role in it.

*Reason (R) :*

The learner-centered classroom environment has a great impact on language acquisition.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(2) (A) is true, but (R) is false.
(3) (A) is false, but (R) is true.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for HINDI as LANGUAGE – II.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिंदी** चुना हो ।

# भाग V

## भाषा II

## हिंदी

***निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 121 से 128) में **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए ।*

भारत में पर्व, उत्सव और मेलों की सदियों पुरानी परंपरा है। इनके ज़रिए ना सिर्फ़ संस्कृति समृद्ध होती है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बहुत ताकत मिलती है। मणिपुर में 'संगाई महोत्सव' आयोजित किया गया। मणिपुर इतने प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक समृद्धि से भरा ऐसा राज्य है कि हर कोई यहाँ एक बार ज़रूर आना चाहता है । 'संगाई महोत्सव' जैसे आयोजन निवेशकों और इंडस्ट्री को भी आकर्षित करते हैं। इस बार का आयोजन पहले से और भी ज़्यादा भव्य स्वरूप में सामने आया है जो मणिपुर के लोगों की भावना और उनके जज़्बे को दिखाता है। यह महोत्सव पहले इंफाल तक ही सीमित रहता था, लेकिन इस बार पूरे राज्य में इसका आयोजन किया गया है । जब ऐसे आयोजनों को ज़्यादा से ज़्यादा लोगों के साथ जोड़ा जाता है, तभी इसकी पूरी क्षमता सामने आ पाती है।

**121.** 'संगाई महोत्सव' का आयोजन __________ में किया गया।

(1) मणिपुर
(2) शंघाई
(3) उत्तर-पूर्व राज्यों
(4) सभी राज्यों

**122.** भारत की परंपरा में निम्नलिखित में से कौन-सा शामिल ***नहीं*** है ?

(1) उत्सव
(2) मेले
(3) संघर्ष
(4) त्योहार

**123.** मणिपुर __________ के लिए प्रसिद्ध है।

(1) प्राकृतिक सौंदर्य
(2) उत्सव-महोत्सव
(3) कला और कारीगरी
(4) स्थानीय उद्योग

**124.** संगाई महोत्सव के आयोजन से __________ को भी लाभ मिलता है।

(1) विदेशी पर्यटन
(2) प्राकृतिक सौंदर्य
(3) अर्थव्यवस्था
(4) सांस्कृतिक उत्सव

**125.** पहले और अब के महोत्सव के आयोजन में मूल अंतर क्या है ?

(1) पहले केवल इंफाल में, अब पूरे राज्य में
(2) पहले मणिपुर में, अब उत्तर भारत में
(3) पहले मणिपुर में, अब दक्षिण भारत में
(4) पहले इंफाल में, अब पूरे उत्तर-पूर्व में

**126.** 'महोत्सव' का संधि-विच्छेद है :

(1) महा + उत्सव
(2) महान + उत्सव
(3) मह + उत्सव
(4) महो + त्सव

**127.** 'इत' प्रत्यय का उदाहरण है :

(1) संस्कृति
(2) आकर्षित
(3) प्रकृति
(4) सांस्कृतिक

**128.** गद्यांश में किसकी क्षमता के सामने आने की बात की गई है ?

(1) मणिपुर की
(2) सांस्कृतिक समृद्धि की
(3) स्थानीय कलाओं की
(4) महोत्सव की

***निर्देश :*** *निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 129 से 135) में* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *उत्तर वाले विकल्प को चुनिए ।*

जीवन में कभी अभाव का दुख, कभी स्वभाव का और कभी दुर्भाव का और इससे भी ऊपर सदैव तनाव का दुख घेरे रहता है। इन्हीं दुखों के वशीभूत हम टकराव की ज़िंदगी जीते हुए बिखराव का दुख भोगते हैं। दुखों से सभी डरते हैं, क्योंकि दुख अप्रिय हैं। दुखों से दूर रहने और सुख पाने की चाह में हम नए-नए पापों में प्रवेश करने लगते हैं। यही हमारी सबसे बड़ी भूल होती है। पाप का फल सुख रोकता है। सुख चाहिए तो पापों से मुक्त होने की चाह जागृत करनी होगी। दुखों से छुटकारा और सुख प्राप्ति का एकमात्र मार्ग है धर्म को आत्मसात करना। जहाँ धर्म है, वहाँ पाप नहीं है और जब पाप नहीं तो वहाँ दुख नहीं। जहाँ दुख नहीं वहाँ सुख को अनंत होने का पूरा अवसर प्राप्त होता है। दुख हमारी भूल और हमारे मानवीय स्तर से गिरकर घिनौने कर्मों का फल है।

**129.** गद्यांश के अनुसार सबसे बड़ा दुख है :

(1) पीड़ा का

(2) तनाव का

(3) अभाव का

(4) स्वभाव का

**130.** सबसे बड़ी भूल है :

(1) दुख से छुटकारे के लिए संन्यास लेना।

(2) दुख से दूर भागना और एकांतवास।

(3) सुख पाने के लिए ग़लत काम करना।

(4) सुख पाने के लिए साधना करना।

**131.** सुख कहाँ होता है ?

(1) जहाँ धर्म होता है।

(2) जहाँ सुखी लोग होते हैं।

(3) जहाँ मानवता नहीं होती।

(4) जहाँ धन-संपदा हो।

**132.** गद्यांश के मूल विषय में शामिल ***नहीं*** है :

(1) दुख

(2) धर्म

(3) दंड

(4) सुख

**133.** ग़लत कार्य करने से ____________ की हानि होती है।

(1) दुख

(2) सम्मान

(3) पाप

(4) सुख

**134.** किस शब्द में 'इक' प्रत्यय का प्रयोग संभव है ?

(1) दुख

(2) पाप

(3) धर्म

(4) सुख

**135.** समूह से भिन्न शब्द है :

(1) दुख

(2) पापी

(3) धर्म

(4) सुख

*निर्देश : नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए ।*

**136.** पठन सिखाने के उस तरीके को क्या कहा जाता है जिसमें शब्दों के अर्थ को प्रयुक्त संदर्भों के अनुसार समझने पर बल दिया जाता है ?

(1) अधोमुखी (बॉटम-अप) उपागम
(2) समग्र भाषा उपागम
(3) संरचनात्मक उपागम
(4) सम्प्रेषणात्मक उपागम

**137.** भाषा के बारे में चिन्तन करने और बात करने की योग्यता को क्या कहेंगे ?

(1) निपुण वक्ता
(2) उद्गामी साक्षरता
(3) अधिभाषिक (विचार-विमर्श) योग्यता
(4) ध्वन्यात्मक जागरूकता

**138.** एक माँ ने कक्षा II की अध्यापिका से पूछा कि मैंने इस बात पर ध्यान दिया है कि मेरी बच्ची कभी-कभी ऐसे शब्द बोल जाती है जो उसने कभी अपने वयस्कों या भाई-बहनों से नहीं सुने हैं। यह कैसे संभव है ?
इस प्रश्न का निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त उत्तर क्या है ?

(1) मनुष्य का मस्तिष्क भाषा सीखने के लिए सहज रूप से अनुकूलित है।
(2) बच्चे भाषा तभी सीखते हैं जब हम बच्चे के भाषायी विकास पर पुनर्बलन देते हैं।
(3) रचनावादी उपागम के अनुसार, बच्चे नई भाषाएँ आविष्कृत करते हैं।
(4) बच्चे भाषा केवल अपने वयस्कों के अनुकरण से ही सीखते हैं।

**139.** प्रारंभिक साक्षरता को सुसाध्य बनाने की एक युक्ति है, जिसमें एक वयस्क और एक बालिका दोनों साथ-साथ एक पुस्तक देख रहे हैं, वयस्क प्रश्न पूछता है और आपसी संवाद को प्रोत्साहित करता है । फिर दोनों की भूमिका बदलती है, बालिका वयस्क से प्रश्न पूछती है। यह युक्ति क्या कहलाती है ?

(1) साझा पठन
(2) संभाषिक पठन
(3) कथा वाचन
(4) मॉडल पठन

**140.** एक अध्यापक शिक्षार्थियों के भाषा के श्रवण कौशलों का विकास कैसे कर सकता है ?

(1) अन्य भाषिक कौशलों को सम्बद्ध किए बिना केवल श्रवण कौशलों पर ध्यान केन्द्रित करना।
(2) शिक्षार्थियों के लिए ऐसे अवसर सृजित करना जिनमें वे तरह-तरह के भाषा स्रोतों और लोगों से सुन सकें और अन्य श्रवण संबंधी गतिविधियों में संलग्न हो सकें।
(3) शिक्षार्थियों को वह सब सुनने के लिए कहना जिसे वे निष्क्रिय होकर सुनते हैं।
(4) शिक्षार्थियों से कक्षा में और कक्षा के बाहर सतत रूप से बात करके।

**141.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*
प्राथमिक स्तर पर भाषा में सटीकता बहुत ही महत्त्वपूर्ण है।

*तर्क (R) :*
व्याकरण प्राथमिक स्तर की पाठ्यचर्या का अभिन्न अंग है।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।
(2) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।
(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

**142.** भाषा, भाषा अधिगम की प्रकृति और शिक्षण-शास्त्रीय व्यवस्थाओं में दोनों की अनुप्रयोगिता के बारे में सैद्धान्तिक स्थितियों एवं मतों को क्या कह सकते हैं ?

(1) विषय-वस्तु
(2) उपागम
(3) युक्ति (टेकनीक)
(4) पाठ्यक्रम

**143.** रचनात्मक मूल्यांकन क्या है ?

(1) अधिगम में हो रहे विकास और सुधार से संबंधित है।
(2) कोर्स में एक पूर्वनिर्धारित या विशेष चरण में किया जाता है।
(3) परिवर्तन से संबंधित नहीं है।
(4) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में क्या हो रहा है।

**144.** छोटे बच्चों के लिए पाठ योजना बनाते समय अध्यापिका ने समग्र भौतिक प्रतिक्रिया (टीपीआर) विधि पर ध्यान केन्द्रित करने का निर्णय लिया । पाठ में समग्र भौतिक प्रतिक्रिया (टीपीआर) शामिल करने के लिए अध्यापिका को निम्नलिखित में से क्या करना चाहिए ?

(1) ऐसी गतिविधियाँ करवाएँ जो अपनी-अपनी सीट पर बैठे-बैठे हो सकें और जोड़ों या समूह में काम करने के मौके दें।

(2) कक्षा में कुछ श्रवण संबंधी गतिविधियाँ करवायी जाएँ।

(3) गतिविधि न करवा कर प्रश्न पूछे जाएँ और उत्तर देने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

(4) कक्षा में कुछ शारीरिक गतिविधियाँ करनी चाहिए।

**145.** व्याकरण सिखाने का कौन-सा उपागम इस मत को प्रोत्साहित करता है कि भाषा अधिगम नियमों को सीखने से संबंधित है ?

(1) आगमनात्मक

(2) सम्प्रेषणात्मक

(3) व्याकरण अनुवाद

(4) निगमनात्मक

**146.** एक अध्यापक कक्षा V के शिक्षार्थियों को मुक्त लेखन कार्य देने की योजना बना रहा है । अधिकांश अध्यापकों द्वारा निम्नलिखित में से किस बात पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए ?

(1) विषय-वस्तु में प्रवाहता

(2) प्रवाह और सटीकता दोनों पर ही ध्यान देना चाहिए

(3) शिक्षार्थियों की लिखावट

(4) विषय-वस्तु की सटीकता

**147.** 'टॉप-डाउन' से आशय है – 'समग्र अर्थ पर ध्यान देना' । 'अधोमुखी (बॉटम-अप)' से क्या आशय है ?

(1) पठन-पूर्व पर ध्यान देना

(2) पाठ्य-वस्तु के शब्दों और वाक्यों पर ध्यान देना

(3) लघु-उत्तरीय प्रश्न पूछने पर ध्यान देना

(4) पाठ्य-वस्तु और अमूर्त विचारों के सार पर ध्यान देना

**148.** भाषा अध्यापक का प्राथमिक दायित्व क्या होना चाहिए ?

(1) शिक्षण के लिए उपयुक्त विषय-वस्तु का चयन करना

(2) शिक्षार्थियों के विभिन्न वर्ग समूह बनाना

(3) शिक्षार्थियों को निर्देश देना

(4) शिक्षार्थी की सम्प्रेषणात्मक आवश्यकताओं की पहचान करना

**149.** एक छोटी बच्ची कोई एक पुस्तक उठाती है, उसे सीधी तरफ से पकड़ती है, और उसके पृष्ठ पलटती है। इन सबमें क्या सम्मिलित है ?

(1) उद्‌गामी पाठ्यचर्या

(2) उद्‌गामी गुणधर्म

(3) उद्‌गामी समाधान कौशल

(4) उद्‌गामी (इमरजेन्ट) साक्षरता कौशल

**150.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :*

शिक्षार्थी भाषा अर्जित करते हैं क्योंकि वे ऐसा करने के लिए आनुवंशिक रूप से पूर्वानुकूलित होते हैं और ऐसे में परिवेश की कोई भूमिका नहीं होती है।

*तर्क (R) :*

भाषा अर्जन में शिक्षार्थी-केन्द्रित कक्षायी परिवेश का बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(2) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(3) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

## SPACE FOR ROUGH WORK
## रफ़ कार्य के लिए जगह

**READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :**

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue/Black Ball Point Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the Examination Hall/Room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against the candidate including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his / her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left-hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room/Hall. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :**

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें ।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के कोड या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
5. परीक्षा पुस्तिका/उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका कोड व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति-पत्र में लिखें ।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी । इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए ।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, काग़ज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए । इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और परीक्षार्थी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित ।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं उपस्थिति-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा । **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का निशान उपस्थिति-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
13. परीक्षा-हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
14. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष/हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें । *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।***